● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 248, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



शिवराज सिंह को पीएम ने सौंपी नई जिम्मेदारी 5

दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे ऋषभ पंत? 6

## भारत-चीन के बीच समझौता, एलएसी पर फिर शुरू होगी गश्त

### 52 महीने से लद्दाख में आमने-सामने हैं दोनों देश की सेनाएं

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में 52 महीनों से चल रहा सीमा तनाव सुलझ गया है। दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर चली कवायद के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैन्य तनाव घटाने पर सहमति बन गई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई घटनाओं के बाद से हम चीनी पक्ष के साथ सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर लगातार संपर्क में थे। डब्ल्यूएमसीसी और सैन्य कमांडर स्तर पर दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हुई है।

उन्होंने कहा कि वार्ता की इन कवायदों के कारण कई मोर्चों पर टकराव और तनाव मिटाने में कामयाबी मिली है। फिर भी असहमति के कुछ बिंदु बाकी थे। विदेश सचिव के मुताबिक पिछले



कुछ हफ्तों में हुई वार्ताओं के बाद भारत-चीन सीमा क्षेत्र में सैन्य गश्त की व्यवस्था को लेकर सहमति बन गई है। इसके चलते सैन्य आमने-सामने की स्थिति अब सुलझ गई है। सहमति विशेष रूप से डेपसांग और डेमचौक क्षेत्रों में गश्त से संबंधित है।

भारत-चीन सीमा तनाव पर समझौते की यह खबर ऐसे समय आई है जब इस हफ्ते रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ होंगे। दोनों नेताओं की बीच मुलाकात की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। विदेश सचिव ने ब्रिक्स शिखर बैठक के हाशिए पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात की पुष्टि तो नहीं की लेकिन इस संभावना को खारिज भी नहीं किया।

सैन्य टकराव और तनाव के कारण गश्त कहां तक हो इसको लेकर ही दोनों पक्षों के बीच असहमति के गहरे मतभेद थे। लगातार भारत की जमीन पर अपना कब्जा बढ़ाने की जुगत में लगे चीन की नीयत को लेकर भी सवाल थे। ऐसे में भारत ने सैन्य पैंतरों का उसी भाषा में जवाब देने के साथ ही चीन को समझौते की मेज पर रजामंदी की दस्तखत करने की नौबत तक ला ही दिया।

भारत-चीन के बीच एलएसी पर सीमा गश्त पर सहमति बनने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, हम कह सकते हैं कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। हम उस जगहों पर गश्त करने में सक्षम होंगे जहां हम 2020 से पहले कर रहे थे। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा विकास है।

विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कल कजान के लिए रवाना होंगे। इस सम्मेलन का विषय वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है।

भारत ब्रिक्स में अहम स्थान रखता है और उसके योगदान ने आर्थिक और सतत विकास, वैश्विक शासन सुधार जैसे क्षेत्रों में ब्रिक्स के प्रयासों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## भारत के पास अब दूरदर्शी दृष्टिकोण है: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भारत के सपनों को साकार करने के लिए उनके पास आराम का समय नहीं है। पीएम ने कहा, मैं कई लोगों से मिलता हूं जो मुझसे कहते हैं कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, इतने सारे मील के पत्थर हासिल किए गए हैं। फिर आप इतनी मेहनत क्यों कर रहे हैं?

मोदी ने कहा- इसका एक ही जवाब है कि हमने जो सपने देखे हैं, जो संकल्प लिए हैं, उसमें न चैन है, न ही आराम। आज भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। यह युवा क्षमता हमें आसमान तक ले जा सकती है। दरअसल पीएम मोदी ने ये बातें सोमवार (21 अक्टूबर) को एनडीटीवी वर्ल्ड समिट को संबोधित करते हुए कहीं। मोदी



बोले- भारत अब लुक फॉरवर्ड अप्रोच से आगे बढ़ रहा प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि भारत अब लुक फॉरवर्ड अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। यह परंपरा रही है कि हर सरकार अपने काम की तुलना पिछली सरकार के काम से करती है। हम भी इसी रास्ते पर चलते थे, लेकिन अब हम अतीत और वर्तमान की तुलना करके खुश नहीं रह सकते। अब से सफलता का पैमाना यह होगा कि हम क्या हासिल करना चाहते हैं। भारत के पास अब दूरदर्शी दृष्टिकोण है। 2047 तक विकसित भारत का विजन इसी मानसिकता का हिस्सा है। मोदी ने कहा, आज भारत के पास एडवांटेज है, जो इस सदी को भारत की सदी बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आप सब जानते हैं कि ये एआई का दौर है। दुनिया का वर्तमान और भविष्य एआई से जुड़ा हुआ है। लेकिन भारत के पास डबल एआई पॉवर की एडवांटेज है। 21वीं सदी का ये समय मानव इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण समय है। ऐसे में आज के युग की बड़ी जरूरतें हैं ये मानवता के बेहतर भविष्य के लिए सबसे जरूरी शर्तें हैं। और भारत आज यही प्रयास कर रहा है। पीएम बोले- दुनिया में उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की किरण भारत ग्लोबल फ्यूचर को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## गुजरात यूनिवर्सिटी मानहानि केस में केजरीवाल की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** गुजरात यूनिवर्सिटी मानहानि केस से जुड़ी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने सोमवार को कहा संजय सिंह के खिलाफ भी इसी केस से जुड़ी याचिका लगाई गई थी, जो 8 अप्रैल को खारिज कर दी गई थी। हमें इस याचिका को लेकर भी एक जैसी अप्रोच रखनी होगी। दरअसल, अरविंद केजरीवाल और आप नेता संजय सिंह ने मार्च 2023 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री



मोदी की डिग्री को लेकर सवाल उठाए थे। ये डिग्रियां गुजरात यूनिवर्सिटी से जारी की गई थीं।

गुजरात यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार ने दोनों नेताओं के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज किया था, जिसे लेकर अहमदाबाद की निचली अदालत ने केजरीवाल को समन भेजकर कोर्ट में पेश होने के लिए कहा था।

समन के खिलाफ केजरीवाल गुजरात हाईकोर्ट पहुंचे थे, जहां उनकी याचिका खारिज हो गई थी। इसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। कोर्ट ने कार्रवाई पर रोक से इनकार कर दिया।

गुजरात यूनिवर्सिटी का आरोप- यूनिवर्सिटी की छवि खराब की गई गुजरात यूनिवर्सिटी ने केस दर्ज कराते हुए कहा था कि केजरीवाल और संजय सिंह ने यूनिवर्सिटी की छवि खराब करने की कोशिश की है। दोनों नेताओं ने संस्थान की प्रतिष्ठा पर सवाल उठाए हैं।

## इजराइल ने हिजबुल्लाह के बैंकों पर एयर स्ट्राइक की

**बेरूत।** इजराइली सेना ने लेबनान में रविवार रातभर हिजबुल्लाह से जुड़े बैंकों को निशाना बनाया। इजराइली डिफेंस फोर्स ने इसकी पुष्टि की है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक अल-कर्द अल-हसन एसोसिएशन हिजबुल्लाह के मेंबर्स को इंट्रेस्ट फ्री लोन मुहैया कराता है। पूरे लेबनान में इसकी 31 ब्रांच हैं। इनमें से कितनी ब्रांच पर हमला हुआ है, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्लाह को जंग के लिए पैसे मुहैया कराने से रोकने के लिए हम बैंक की शाखाओं को निशाना बना रहे हैं।

## कश्मीर कभी पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनेगा : फारूक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा- अगर इस्लामाबाद भारत के साथ दोस्ताना संबंध रखना चाहता है तो उसे यहां आतंकी घटनाएं रोकनी होंगी।

उन्होंने कहा- दोनों देशों में बातचीत कैसे हो सकती है? आप (पाकिस्तान) हमारे निर्दोष लोगों को मारते हैं और फिर बातचीत के लिए कहते हैं। जब तक पड़ोसी देश जम्मू-कश्मीर में हत्याएं बंद नहीं करता, तब तक नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच कोई बातचीत



नहीं हो सकती। अब्दुल्ला ने कहा- मैं पाकिस्तान के शासकों से कहना चाहता हूं कि अगर वे वाकई भारत से दोस्ती चाहते हैं, तो उन्हें यह सब बंद कर देना चाहिए। कश्मीर कभी पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनेगा। अब्दुल्ला की ये बात 20 अक्टूबर की रात गांदरबल में हुए हमले में 7 लोगों की मौत पर कही। उधर, जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने भी आज कहा कि सुरक्षाबल गांदरबल हमले में मरने वालों का बदला लेंगे और ऐसी कीमत वसूलेंगे जिसे आतंकवादी आने वाले समय में याद रखेंगे।

आतंकवादी पाकिस्तान से आ रहे फारूक अब्दुल्ला ने कहा- गांदरबल की घटना दर्दनाक है। गरीब मजदूर यहां आजीविका के लिए आते हैं ताकि वे अपने परिवार का पेट भर सकें। इन दरिंदों ने उन्हें शहीद कर दिया। उनके साथ हमारे एक डॉक्टर भी थे जो लोगों की सेवा करते थे। उन्होंने भी अपनी जान गंवा दी।

## आमजन के प्रति पुलिस सजग, संवेदनशील और विनम्र रहे : राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पुलिस, सशक्त समाज का आधार होती है। पुलिस की सक्रियता और उसका व्यवहार आम आदमी को सुरक्षित महसूस कराता है। आमजन के प्रति पुलिस सजग, संवेदनशील और विनम्र रहे। राज्यपाल श्री पटेल पुलिस स्मृति दिवस पर भोपाल के लाल परेड ग्रांउड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित कर शहीद पुलिस कर्मियों के परिजन से आत्मीय मुलाकात की।

## कांग्रेस सीईसी की बैठक में उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने पर चर्चा

**नई दिल्ली।** आगामी महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की सोमवार को बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव के.सी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे।

महाराष्ट्र के लिए सीईसी की बैठक रविवार की शाम को होनी थी। लेकिन पार्टी के कई नेताओं ने करवा चौथ और उसी दिन झारखंड चुनाव के लिए बैठक आयोजित करने सहित कई कारणों का हवाला दिया। जिसके चलते इसे रद्द कर दिया गया था। इससे पहले, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में 210 सीटों पर सहमति बन चुकी है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारा लक्ष्य राज्य को लूटने वाली ताकतों का मुकाबला करना होता है।

वहीं, कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में एकजुट होकर मुकाबला करेगी और उनकी सरकार बनेगी।

## कश्मीर हमला-लश्कर के संगठन टीआरएफ ने ली जिम्मेदारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में रविवार देर रात हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। भास्कर को सूत्रों ने सोमवार को बताया कि टीआरएफ चीफ शेख सज्जाद गुल इस हमले का मास्टरमाइंड था।

गांदरबल के गगनगीर इलाके में श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे की टनल कंस्ट्रक्शन साइट पर आतंकियों ने फायरिंग की। हमले में बडगाम के डॉक्टर शहनवाज मीर और पंजाब-बिहार के 6 मजदूरों की जान चली गई। हमले के बाद गांदरबल और गगनगीर के जंगलों में रात से सर्च ऑपरेशन



चलाया जा रहा है। यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं और अब नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी भी पहुंच गई है।

हमले में 2-3 आतंकी शामिल, 1 महीने रेकी की सूत्रों ने बताया कि गगनगीर आतंकी हमले में टीआरएफ के 2-3 आतंकवादी शामिल हैं। यह पिछले एक महीने से कंस्ट्रक्शन साइट की रेकी कर रहे थे। इसके चलते ही आतंकी हमले के तुरंत बाद फरार होने में कामयाब रहे। पंजाब और बिहार के मजदूरों को निशाना बनाया जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि बड़गाम के डॉक्टर शहनवाज, कठुआ के रहने वाले शशि अब्रोल हमले में मारे गए। इनके अलावा पंजाब के गुरदासपुर के गुरमीत सिंह, बिहार के अनिल कुमार शुक्ला, फहीम नजीर, मोहम्मद हनीफ और कलीम की हत्या की गई। ये सभी केंद्र सरकार के टनल प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे।

टीआरएफ ने स्ट्रैटजी बदली, अब बाहरी भी निशाने पर रिपोर्ट्स के मुताबिक टीआरएफ ने पिछले डेढ़ साल में अपनी स्ट्रैटजी बदली है। पहले टीआरएफ कश्मीर पंडितों की टारगेट किलिंग करता था। अब यह संगठन गैर कश्मीरियों और सिखों को निशाना बना रहा है। 4 दिन पहले शोपियां में बिहार के मजदूर अशोक चौहान की हत्या की गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी अभी किसी संगठन ने नहीं ली है।

बारामूला में आतंकवादी ढेर, गांदरबल कनेक्शन नहीं गांदरबल के हमले के बाद 50 किलोमीटर दूर बारामूला में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। उसके पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं, लेकिन अभी तक इसका गांदरबल से कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है।

## 24 अक्टूबर को ओडिशा के तटों से टकराएगा साइक्लोन दाना

**नई दिल्ली।** अंडमान सागर से उठा चक्रवाती तूफान दाना 23 अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी पहुंच जाएगा। 24 अक्टूबर को यह ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तट से टकराएगा। मौसम विभाग ने साइक्लोन के लैंडफॉल की जानकारी नहीं दी है। अनुमान है कि यह पुरी से टकरा सकता है। तूफान का दाना नाम सऊदी अरब ने दिया है। दाना का मतलब उदारता होता है।

मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 23 अक्टूबर से ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर हवा की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंचने का अनुमान है, जो 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक बढ़कर 120 किमी प्रति घंटा हो जाएगी।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, तूफान के टकराने से एक दिन पहले यानी 23 अक्टूबर को ही भारी बारिश शुरू हो जाएगी। ओडिशा-बंगाल के तटीय इलाके में कुछ स्थानों पर 24-25 अक्टूबर को 20 सेमी बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर 30 सेमी यानी 11 इंच (एक फुट) से ज्यादा बारिश भी हो सकती है।

## फ्लाइट्स में बम की धमकी पर लीगल एक्शन लेगी सरकार

**नई दिल्ली।** सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि फ्लाइट्स में बम की धमकियों से निपटने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की योजना बनाई जा रही है। धमकी देने वालों को नो-फ्लाई लिस्ट में डाला जाएगा। एविएशन सिक्योरिटी नियमों के साथ ही सिविल एविएशन एक्ट, 1982 में संशोधन की भी योजना बनाई जा रही है। वहीं, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के महानिदेशक जुल्फिकार हसन और सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने भी सोमवार को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन से मुलाकात की। करीब आधे घंटे चली, लेकिन बैठक का ब्योरा अभी सामने नहीं आया है।

## मदरसे बंद करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मदरसों को लेकर दो फैसले दिए। पहला- केंद्र और राज्य सरकारों को मदरसे बंद करने के फैसले पर रोक लगा दी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 7 जून और 25 जून को राज्यों को इससे संबंधित सिफारिश की थी। केंद्र ने इसका समर्थन करते हुए राज्यों से इस पर एक्शन लेने को कहा था।

दूसरा- कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकार के उस आदेश पर भी रोक लगाई, जिसमें मदरसों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को सरकारी स्कूल में ट्रांसफर करना था। इसमें गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के साथ-साथ सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों में पढ़ने वाले गैर-मुस्लिम स्टूडेंट्स शामिल हैं।

चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने केंद्र सरकार, एनसीपीसीआर और सभी राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा।

बेंच ने कहा कि यह रोक अंतरिम है। जब तक मामले पर फैसला नहीं आ जाता, तब तक राज्य मदरसों पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगे। बेंच ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद को उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा के अलावा अन्य राज्यों को भी याचिका में पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी।

## सीएम ने वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर किया नमन

### हिम्मत और पराक्रम से भरें हैं, मप्र पुलिस के सशक्त कदम हर मुसीबत से बड़े हैं : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन उज्जैन में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को देश की आन्तरिक सुरक्षा, एकता, अखण्डता के लिये अपने प्राणों की आहुति देकर कर्त्तव्य-परायणता का अनूठा उदाहरण देने वाले शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। पुलिस देशभक्ति और जनसेवा के ध्येय वाक्य के साथ दिन-रात जनता की सेवा में तत्पर रहते हुए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर देती है। ऐसे सभी बलिदानी पुलिसकर्मियों को मैं सैल्यूट करता हूं। पुलिसकर्मी देश की सेवाओं के संचालन में मदद करते हैं और देश की आन्तरिक सुरक्षा में



सर्वोच्च योगदान देते हैं। कार्यक्रम में सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री सतीश मालवीय, महापौर उज्जैन श्री मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति उज्जैन श्रीमती कलावती यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोरोना काल में कर्त्तव्य की वेदी पर पुलिस के जवान मुस्तैदी से तैनात रहे। पुलिसकर्मियों के इस अद्वितीय योगदान का स्मरण करते हुए देश-प्रदेश गौरवान्वित महसूस करता है। कोरोना काल में पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों व सफाईकर्मियों के उत्कृष्ट कार्य से देश की आबादी सुरक्षित रही। आजादी से लेकर आज तक ऐसे कई कठिन मौकों पर पुलिसकर्मियों द्वारा अपनी भूमिका को सार्थक सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि हिम्मत और पराक्रम से भरें हैं, आपके सशक्त कदम हर मुसीबत से बड़े हैं, आपके शौर्य को नमन, आपके प्रताप को प्रणाम है, आप हमारी शक्ति हैं, मध्यप्रदेश का अभिमान हैं। कार्यक्रम में पुलिस जवानों द्वारा परेड प्रदर्शन कर वीर शहीदों को सलामी दी गई। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक श्री रणजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव, जन-प्रतिनिधि और अधिकारियों ने पुष्प-चक्र अर्पित कर वीर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजली अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान वीर शहीद स्व. लालबहादुर सिंह, स्व. बलराम के परिजन को शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने परेड कमांडर से परिचय प्राप्त किया। आईजी श्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हमें उन वीर पुलिसकर्मियों की याद दिलाता है, जिन्होंने समाज और देश की रक्षार्थ प्राण न्यौछावर किये हैं। आज से 65 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के बर्फीले क्षेत्र हॉटस्प्रिंग में 16 हजार फीट की ऊंचाई पर चीन की सशस्त्र सेना के साथ मुठभेड में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की पेट्रोलिंग पार्टी के 10 जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। तब से प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# प्रदूषण सहित गड्ढों में तब्दील परसौना-बंधौरा सड़क हो गई जानलेवा

## कई सालों से सड़क की नहीं हुई मरम्मत, कंपनियों के विरुद्ध ग्रामीणों में नाराजगी

**सिंगरौली।** ऊर्जाधानी के नाम से विख्यात सिंगरौली जिला अब प्रदूषण में अपनी पहचान बना चूका है इसके बावजूद जिम्मेदार इसे मानने को तैयार नहीं हैं।?जिले में उद्योग तो बहुत सारे संचालित हैं परन्तु नियमों की अनदेखी की वजह से जिले में दिनों दिन वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है।?जिले में बधौरा स्थित पावर प्लांट से निकले हुए राख़ को हैवी वाहनों द्वारा मुख्य सड़क से होते हुये बरगवां में डंप किया जा रहा है परन्तु नियमों की अनदेखी की वजह से सड़कों पर अब राख बिखरा हुआ दिखायी देता है।?आलम यह है कि सड़कों, गलियों में चलने वाले राखड़ से भरे भारी वाहन बेखौफ नियमों को दरकिनार करते हुये बिना ढंके राख का परिवहन करते हैं और सड़कों पर राख बिखर जाती है। जिन सड़कों से उक्त वाहन गुजरते हैं वहां प्रदूषण से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। राख परिवहन करने वाले वाहन जगह-जगह राख गिरा रहे है जो



थोड़ी सी हवा चलने पर राख उड़कर घरों में घुस रहा है जो घरों व दरवाजे के सामने में रहना दुश्वार हो गया।

परसौना-बंधौरा रोड गड्ढों में बदल चुकी है। क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़क पर आये दिन हादसे हो रहे हैं। जिसमें आसपास के ग्रामीण घायल हो रहे हैं। कोयला लेकर आने-जाने वाले ट्रेलर खराब हो जा रहे हैं लेकिन इस सड़क की देखरेख करने वाली कंपनी के जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं। उधर जिला प्रशासन भी क्षेत्रीय ग्रामीणों की इस समस्या का निराकरण नहीं कर रहा है, जिसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि परसौना बंधौरा मार्ग पर कोल व डस्ट परिवहन करने वाले भारी वाहन दिन-रात दौड़ते रहते हैं। जिसके कारण सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। गड्ढों के कारण वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2022 के बाद से सड़क की स्थिति ज्यादा खराब हो गयी है। इसके पहले सड़क की मरम्मत समय-समय पर होती रहती थी, जिसके कारण वाहनों का आवागमन में परेशानी नहीं होती थी। पिछले लगभग डेढ़ साल से सड़क में जगह-जगह गड्ढे बनने शुरू हुए थे। मरम्मत नहीं हुई तो अब सड़क कम गड्ढे ज्यादा दिखाई देते हैं। खस्ताहाल सड़क से हो कोयला व राखड़ लोडकर भारी वाहन दिन-रात दौड़ते हैं, लेकिन महान इनर्जिन प्रबंधन ने सड़क की मरम्मत कराने की जरूरत नहीं समझी, जबकि क्षेत्रीय समस्यायें निराकृत करने की जिम्मेदारी भी कंपनी की है।

### मौत बांट रहे राख परिवहन करने वाले वाहन

पावर प्लांट से राखड़ लेकर प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में ओवर लोड राख लेकर हाइवा रजमिलान होते हुए परसौना के रास्ते से गुजरते हुए बरगवां पहुंच रहा हैं। आज फिर राख परिवहन कर रहे हाइवा द्वारा रजमिलान से लेकर परसौना तक गिरती हुई राख को लेकर हाइवा आगे की तरफ निकलते रहा। रह रह कर हवा चलने के कारण राख सीधा नाक मुंह में चली जा रही है। इससे लोगो को सांस लेने में समस्या हो रही है। लोगों की मानें तो इस तरह ओवर लोड ट्रकों का संचालन होते रहता है।

### सामाजिक संगठ्नों ने दिया ज्ञापन

परसौना बंधौरा सड़क में आए दिन हो रहे हादसों के रोकथाम के लिए, सड़कों की मरम्मत और चौड़ीकरण के लिए सामाजिक संगठन क्षत्रिय कुलावंत और युवा संघर्ष समिति ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि अगर 15 दिवस के अंदर सुनवाई नहीं होती है तो जल्द ही संगठन आम जनमानस के साथ बड़ा आंदोलन करेंगे।

# पुलिस स्मृति दिवस पर जिला मुख्यालय मे मनाया गया पुलिस शहीद दिवस

**सेवा व सुरक्षा के ध्येय के साथ कर्तव्य के पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस शहीदों को शत् शत् नमन**

**सिंगरौली।** पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है पुलिसकर्मियों द्वारा दिए गए बलिदान तथा राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता बनाए रखने में पुलिस की उत्कृष्ट भूमिका का सम्मान करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों व पुलिस जवानों की ओर से पुलिस शहीद स्मारक पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद हुए पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी गई और सलामी दी गई।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा देश पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद



पुलिस कर्मियों के नामो का वाचन कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देकर सलामी दी गई। इस दौरान अन्य उपस्थित गणमान्य आगन्तुकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सुशील कुमार प्रथम जिला एवं अपर सत्र नयायाधीश, सुधीर सिंह राठौर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एमपी सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कृष्णा अग्रवाल जिला रजिस्ट्रार न्यायालय, रामनिवास शाह विधायक सिंगरौली, देवेश पाण्डेय नगर पालिक निगम अध्यक्ष, भाजपा जिला अध्यक्ष रामसुमीरन गुप्ता, गिरीश द्विवेदी, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला जिला सिंगरौली, सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते, सुंदर शाह, नरेश शाह, राजू तिवारी, एनटीपीसी से प्रणव, कुंदन, रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, सूबेदार आशिष तिवारी, इलेकट्रानिक व प्रिंट मीडिया सहित पुलिस अधीकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी-विंध्याचल वीवा क्लब मे तृतीय जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का भव्य रूप से किया गया समापन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी-विंध्याचल वीवा क्लब एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन मे आयोजित तृतीय जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का भव्य रूप से समापन किया गया। इस अवसर पर सिंगरौली जिले से भारी संख्या में स्केटिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्ग में विभिन्न इवेंट में खेला गया। इस प्रतियोगिता मे रिंक रेस, रोड रेस आदि स्पर्धाओं का प्रमुख रूप से आयोजन हुआ जिसमें ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी पर वीवा क्लब एनटीपीसी विंध्यनगर का कब्जा रहा, उप चैंपियन ट्रॉफी पर सिंगरौली टीम ने कब्जा जमाया वही एनटीपीसी बाल भवन ने सेकंड रनर अप चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम किया। कार्यक्रम



के शुभारंभ समारोह मे मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार , विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा एवं वीवा अध्यक्ष व मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा) डॉ.बीसी चतुर्वेदी उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर महाप्रबंधक (हरित रसायन एवं बीई ) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस एवं एडीएम) एजे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, उपाध्यक्ष (वीवा) व अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) आशीष कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव (वीवा) बाबूजी शर्मा भी उपस्थित रहें।

सिंगरौली पुलिस के यातायात जागरुकता अभियान का दिखा असर

# करवा चौथ पर महिलाओ नें उपहार में अपने पति को दिया हेलमेट

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ताके कुशल मार्गदर्शन एवं शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के पर्यवेक्षण में सिंगरौली पुलिस द्वारा यातायात जागरुकता अभियान चलाकर जागरुक किया जा रहा है।

सिंगरौली पुलिस के यातायात जागरुकता अभियान से प्रेरित होकर महिलाओ नें करवा चौथ के त्यौहार पर अपने पतियों को उपहार के रुम में हेलमेट दिया। करवा चौथ पर अक्सर देखा जाता है कि पत्निया अपने पति की लम्बी आयु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं मगर सिंगरौली जिला मुख्यालय के वार्ड 40 प्रयाग पथ गली में पति ने अपनी पत्नी के



साथ करवा चौथ का व्रत रखा। इस दौरान पत्नी ने अपने पति की सुरक्षा के लिए उन्हें उपहार में हेलमेट भेंट किया। प्रयाग पथ गली के दो परिवार में पत्नी के साथ पति भी करवा चौथ का व्रत पिछले सात वर्षों से रख रहे हैं। ?इस संबंध में पत्नी सुनीता तिवारी ने बताया कि आज करवा चौथ पर हमने अपने पति को हेलमेट उपहार में दिया है।?मैं पेशे से एक शिक्षिका हूं।?सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में सिंगरौली पुलिस के द्वारा पिछले दिनों से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था जिससे मैं बहुत प्रभावित हुयी और हमारे मन में ख्याल आया कि हमें सबसे पहले अपने घर से शुरुआत करनी है इसी को ध्यान में रखते हुए हमने करवा चौथ पर अपनी सहेली को साथ में लेकर मन बनाया कि अपने पति को इस करवा चौथ में उपहार में हेलमेट देंगे और ईश्वर से लंबी आयु का वरदान मांगेगे। पति राजू तिवारी ने बताया कि मैं 7 वर्षों से व्रत रखता हूं, जब हमारी पत्नी हमारे लिए व्रत रख सकती है तो हम क्यों नहीं रख सकते।?उन्होंने प्रण किया कि आज से हम जब भी घर से बाहर निकलेंगे सीट बेल्ट और हेलमेट जरूर लगाकर चलेंगे। वहीं पर मौजूद नितेश द्विवेदी ने बताया कि मैं यूनियन बैंक में गनमैन का काम करता हूं।?जब मुझे मेरी पत्नी के द्वारा कहा गया की आंख बंद करिए आपको उपहार देना चाहते हैं तो हमने देखा कि हेलमेट ही क्यो तो पत्नी ने कहा कि आपकी सुरक्षा का ख्याल रखना हमारा कर्तव्य बनता है। सिंगरौली पुलिस द्वारा यातायात जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है । स्कूलों में, गली मोहल्ले में, चौराहों में, बेनर पोस्टर लगाकर जागरुक किया जा रहा है हमको भी यातायत नियमो का पालन करना है। इसी को लेकर अपने पति को उपहार में हेलमेट दिया है। करवा चौथ पर सिंगरौली पुलिस कि इस नयी पहल की हर ओर तारीफ हो रही है।

# भारत विकास परिषद् ने आयोजित कराई भारत को जानो प्रतियोगिता

**सिंगरौली।** भारत विकास परिषद् जिला इकाई जिला सिंगरौली द्वारा रास्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता भारत को जानो जिले के 20 शासकीय और प्राइवेट विद्यालयों में विगत 19 अक्टूबर को लगभग 1200 प्रतिभागी छात्र छात्राओं के बीच सम्पन्न हुई । प्रतियोगिता छात्रों के अलग-अलग समूहों कक्षा 6-8 और 9-12 के बीच अलग अलग प्रश्न पत्रों द्वारा आयोजित की गई । भारत विकाश परिषद जिला इकाई जिला सिंगरौली के संस्थापक अध्यक्ष और संरक्षक सुरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा स्थानीय शाखा स्तर, प्रांतीय और रास्ट्रीय स्तर पर हर वर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को देश की समृद्ध विराशत से जोड़े रखने के साथ साथ भारतीय संस्कृति, इतिहास और परंपराओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना, देशभक्ति , राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना, छात्रों की ज्ञान क्षमता और समझ को बढ़ाना है जिससे युवाओं मे राष्ट्रीय गौरव और आत्म सम्मान की भावना बढ़ सके । इस प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर चयनित छात्रों को पहले स्थानीय स्तर पर जिले के सर्वोच या समकक्ष अधिकारी के द्वारा प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कृत किया जाता है फिर जिले स्तर पर चयनित प्रतिभागी प्रांतीय स्तर पर राज्यपाल महोदय



और प्रांत में चयनित छात्रों को रास्ट्रीय स्तर पर महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कृत किया जाता है । जिले भर के विद्यालयों में सम्पन्न यह प्रतियोगिता परिषद के सदस्य सुरेन्द्र सोनी के संयोजन में संरक्षक गणों और अध्यक्ष डा ओपी राय , कोषाध्यक्ष रावेन्द्र विक्रम सिंह और सचिव मिथिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में डीपीयस स्कूल-विन्ध्यनगर डीपीयस निगाही, डीएवी निगाही , अमलोरी, दुधीचुआ, हायर सेकेंडरी स्कूल-गर्ल्स वैढ़न, बालक बैढन, एक्सीलेंस बैढ़न, खुटार, गड़हरा , कचनी व विन्ध्यनगर हायर सेकंडरी , काइट्स राइज पब्लिक स्कूल, राजीव गाँधी इन्टरनेशनल स्कूल पड़निया, सत्यसाई स्कूल हर्राहवा , सरस्वती स्कूल-बिलौंजी, वैढ़न , अमलोरी, जयंत , विन्ध्यनगर व जिले के अन्य विद्यालयों मे आयोजित की गई । परिषद के मीडिया प्रभारी बृजेश शुक्ला द्वारा प्रतियोगिता के गढ़हरा विद्यालयों में प्रतियोगिता के समापन पर विद्यालय के छात्र छात्राओं को स्वक्षता की शपथ भी दिलाई गई । प्रतियोगिता को जिले भर के विद्यालयों में आयोजित करने में परिषद् के अध्यक्ष डॉ. ओ पी राय, सचिव मिथिलेश मिश्रा , डा सुशील सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष रावेन्द्र विक्रम सिंह , संरक्षक सुरेंद्र गुप्ता , संयोजक सुरेंद्र कुमार सोनी , ओम प्रकाश सिंह सहित परिषद् के सभी सदस्यों ने पूरी निष्ठा और समर्पण भाव और प्रामाणिकता के साथ प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में भरपूर योगदान दिया । भारत को जानो प्रतियोगिता के सयोजक सुरेंद्र कुमार सोनी ने परीक्षा में सहयोगी सभी विद्यालय के प्राचार्य जनों , प्रभारी शिक्षकों व परिषद् के सभी सदस्यों का प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए ह्रदय से आभार व् धन्यवाद ब्यक्त किया ।

# सरई मुख्य सड़क पर जगह-जगह रखें गये हैं भवन निर्माण सामग्री

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर सरई नगर परिषद के स्थानीय बाजार में व्यवसाइयों द्वारा जगह-जगह भवन निर्माण सामग्री मुख्य सड़क पर रखा गया है। जिससे वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही जाम भी लग रहा है। बीते शनिवार को लगभग 4.40 पूर्वाह्न से 5.30 तक जाम लगा रहा । इसके बाद पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन सुचारू हो सका। सरई बाजार में रेलवे स्टेशन तिराहा से लेकर यूनियन बैंक तक कई जगह मिट्टी, गिट्टी, बालू व ईंट रोड पर देखने को मिल रहे हैं। जो मुख्यालय जाने का मुख्य मार्ग है। कई बार इन भवन निर्माण सामग्रियों के रोड में होने के वजह से जाम भी लग जाता है। ये भवन निर्माण सामग्री रोड पर कई महीनो से पड़े हुए हैं। परंतु इन निर्माण सामग्रियों पर प्रशासन के कर्मियों का नजर इस ओर नहीं जा रहा है जबकि नगर परिषद सरई के सीएमओ, तहसील सरई के तहसीलदार एवं थाना सरई के थाना प्रभारी भी इसी मार्ग से रोज आवागमन कर रहे हैं। आगे आपको बता दें कि कोल व गिट्टी परिवहन कर रहे भारी वाहनों की आवाजाही से वैसे ही रोड सकरी पड़ रही है। जिससे वाहन का निकलना तो दूर पैदल राहगीर भी बड़ी मुश्किल से अपना सफर तय कर पा रहे हैं। बावजूद इतने भी नगर परिषद सरई एवं पुलिस के आला अफसर मुख्य सड़क पर अवैध रूप से रखे निर्माण सामग्रियों को हटाने के लिए साहस नहीं जुटा पा रहे हैं।

राजस्व अधिकारियो की समीक्षा बैठक आयोजित

# लंबित राजस्व प्रकरणो का अभियान चलाकर करे निराकरण : कलेक्टर

**सिंगरौली।** लंबित राजस्व प्रकरणो का अभियान चलाकर राजस्व अधिकारी निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। तथा प्रधानमंत्री किसान संम्मान निधि योजना शासन की महत्वाकाक्षी योजना है पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित कराया जाना सुनिश्चित करे उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियो की बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर के द्वारा तहसीलवार लंबित नामातरण, वटनवारा, सीमांकन सहित राजस्व वशूली सीएम हेल्प लाईन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनो के निराकरण की



समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप सीमांकन के प्रकरणो का निराकरण लंबित है। जिसका निराकरण सभी तहसीलदार अपने स्तर से कराया जाकर लक्ष्य को प्राप्त करे। ताकि जिले की ग्रेडिंग में सुधार हो सके उन्होंने कहा कि नामातरण, वटनवारा के साथ साथ सीएम हेल्प लाईन के भी शिकायतो का राजस्व अधिकारी तत्परता से निराकरण करे।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो का तत्परता के साथ राजस्व अधिकारी निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने राजस्व वशूली की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वशूली किया जाना सुनिश्चित करे।कलेक्टर के द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि ऐसे जानकारी प्राप्त हो रही है कि सरई एवं बरगवा क्षेत्रांतर्गत के कुछ भूमि स्वामियों के द्वारा बिना स्वीकृती के कालोनिया बनाई जा रही तथ प्लाट बेचा जा रहा जबकि दोनो नगरीय क्षेत्र है विधिवत अनुमति के पश्चात ही प्लाटिंग तथा कालोनियो का निर्माण कराया जा सकता है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार निरीक्षण करे यदि किसी के द्वारा अवैध रूप से कार्य किया जा रहा है तो उकने विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे।



## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

//निविदा सूचना//

क्रमांक-287/ई-टेंडर/जोन-02/न.पा.नि./2024 रीवा, दिनांक 21.10.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2024_UAD_377585_1 21.10.2024 [FIRST CALL] 284/21.10.2024 | जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-06 में गौतम ट्रेवल्स से धरना स्थल बांसघाट तक RCC नाली निर्माण का कार्य। | 03 माह ₹17.01 लाख | ₹2000.00 ₹12758.00 | 20.11.2024 17:30 बजे तक। |
| 2. | 2024_UAD_377586_1 21.10.2024 [FIRST CALL] 285/21.10.2024 | जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-09 में माइनर नहर के किनारे पश्चिम तरफ श्री अनुराग तिवारी के घर से प्रधानमंत्री सड़क तक WBM सड़क निर्माण का कार्य। | 02 माह ₹10.47 लाख | ₹2000.00 ₹7853.00 | 20.11.2024 17:30 बजे तक। |
| 3. | 2024_UAD_377587_1 21.10.2024 [FIRST CALL] 286/21.10.2024 | जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-18 में स्थित पद्मधर पार्क के विकास का कार्य। | 04 माह ₹28.36 लाख | ₹5000.00 ₹21270.00 | 20.11.2024 17:30 बजे तक। |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम
रीवा ( म.प्र. )

# समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करायें : कलेक्टर

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित



सीधी

समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि इस माह से पुन: समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसके लिए विषयों का चयन कर लिया गया है। सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि अन्य शिकायतों का भी निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। अन अटेन्डेड तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम होनी चाहिए। बजट के अभाव के कारण लंबित शिकायतों को छोड़कर शेष सभी शिकायतों का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करायें। दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने पटाखों के विक्रय के लिए स्थल चिन्हांकित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पटाखों के गोदाम, भंडारण स्थल आदि के निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय के रोकने के लिए खाद्य सामग्रियों की सतत जांच करने और सैम्पल लेने के निर्देश दिए गए हैं।

रीवा-सीधी-सिंगरौली नई रेल लाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने भू-अर्जन से संबंधित सभी कार्यवाहियां अभियान चलाकर तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अवार्ड वितरण से संबंधित सभी मामलों में भुगतान की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अवार्ड से संबंधित सभी भूमियों में खसरे में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं।

भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत पात्र नागरिकों को सुरक्षा प्रदान किए जाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। 15 अक्टूबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित की जायेगी। कलेक्टर ने विभागीय समन्वय के साथ शिविरों का आयोजन करने तथा सभी नागरिकों को बीमा योजना के विषय में जागरूक कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों के लिए परिपूर्णता लक्ष्य को अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी। उक्त अभियान के तहत सीधी जिले के 134 जनजातीय बहुल गांव लाभान्वित होंगे। विकासखंड कुसमी के 37, मझौली के 24, सिहावल के 14, सीधी के 48 तथा रामपुर नैकिन के 11 गांव लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना और पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान) की सीख और सफलता के आधार पर जनजातीय क्षेत्रों एवं समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित करना है। इस मिशन में 25 कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें 17 मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को संबंधित विभागों से समन्वय कर लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद दिवस परेड का आयोजन किया गया

## शहीद परिवारों को शाल, श्रीफल देकर किया गया सम्मानित



**सीधी।** पुलिस स्मृति दिवस पर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में पुलिस लाईन सीधी स्थित परेड ग्राउंड में शहीद दिवस परेड का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात दिनांक 01.09.2023 से 31.08.2024 तक देश में विभिन्न प्रदेशों के 214 पुलिस अधिकारीध्कर्मचारी जिसमें मध्यप्रदेश के 23 पुलिसकर्मियों के नाम भी शामिल है, का वाचन किया गया, जिन्होने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी। पुलिस स्मृति परेड द्वारा शहीदों को सलामी दी गई, तत्पश्चात परेड मार्च हुई। शहीद जवानों की स्मृति में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा शाल, श्रीफल देकर शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा शहीद जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष जनपद सीधी श्री धर्मेंद्र सिंह परिहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, जेल अधीक्षक जिला जेल सीधी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द श्रीवास्तव, एसडीएम गोपद बनास श्री नीलेश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चुरहट श्री अशुतोष द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुसमी रोशनी ठाकुर, तहसीलदार गोपद बनास श्रीमती जान्हवी शुक्ला, रक्षित निरीक्षक रक्षित केन्द्र सीधी श्री विरेन्द्र कुमरे एवं अन्य समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधुओं ने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं फूलों की माला चढ़ाकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उल्लेखनीय है कि दिनांक 21 अक्टूबर 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में सीमा की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ के जवानों के एक छोटे से गश्ती दल पर चीनी सेना द्वारा भारी संख्या में घात लगाकर हमला किया गया था। लेकिन हमारे जवानों ने बहादुरी से चीनी सैनिकों का सामना किया, जिसमें सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हो गए। उन्ही की याद में हर साल पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाता है।

# सम्पदा 2.0 का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं जिला मूल्यांकन समिति की बैठक सम्पन्न



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला समिति के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। उक्त संबंध में नागरिक अपने सुझाव 22 अक्टूबर 2024 तक जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय में कार्यालयीन समय में दे सकते है तथा प्रस्तावों का अवलोकन कर सकते हैं।

इसके पूर्व शासन के निर्देशानुसार सीधी में सम्पदा 2.0 का जिला अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला पंजीयक अभिषेक सिंह बघेल द्वारा बताया गया कि सम्पदा 2.0 से दस्तावेजों के पंजीयन की प्रक्रिया अत्यंत सरल व सहज हो गई है। पंजीयन के लिए पक्षकारों की आधार आधारित पहचान की प्रक्रिया लागू की गई है। संपत्ति की पहचान के लिए मूल विभाग भू-अभिलेख, नगरीय निकाय व ग्राम पंचायत से डाटा प्राप्त किया जाएगा तथा जियो लोकेशन के आधार पर पंजीयन सम्पन्न होगा। पंजीकृत दस्तावेज केवल इलेक्ट्रानिक रूप से ही मिलेगे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नीट परीक्षा उत्तीर्ण करके सुप्रिया ने रोशन किया गाँव का नाम

## सीधी जिले के वुद्धिजीवियों एवं साहित्यकारों ने दी बधाई

**सीधी।** हाल ही में आयोजित नीट परीक्षा 2024 में अच्छे प्रदर्शन के बाद सिहावल तहसील अंतर्गत ग्राम बमुरी के सेवानिवृत विकासखंड अधिकारी विद्यापति द्विवेदी की सबसे छोटी पोती सुप्रिया द्विवेदी को शासकीय स्वशासी आयुर्वेद कॉलेज रीवा में प्रवेश मिला है। सुप्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा - दादी विद्यापति द्विवेदी एवं श्रीमती सोनकली द्विवेदी, माता - पिता आशुतोष प्रसाद द्विवेदी एवं श्रीमती सरोज द्विवेदी, चाचा - चाची स्व. अनिरुद्ध प्रसाद द्विवेदी एवं श्रीमती विमला द्विवेदी एवं चाचा - चाची रमाकांत द्विवेदी सावन एवं श्रीमती मनीषा द्विवेदी भैया भाभी आशीष द्विवेदी एवं श्रीमती दिव्या द्विवेदी तथा सभी भाइयों - बहनों एवं गुरुजनों को दिया है। सुप्रिया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रूपनारायण पब्लिक स्कूल बमुरी, सरस्वती ज्ञान मंदिर बमुरी, शासकीय मॉडल स्कूल सिहावल एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधीक्रमांक एक से संपन्न की है। ज्ञात हो कि सुप्रिया का समस्त परिवार शिक्षा विभाग से सम्बद्ध है, जहाँ पिता जी वर्तमान में शासकीय सीएम राइज विद्यालय सिहावल में गणित के व्याख्याता पद पर पदस्थ हैं, चाचा शासकीय विद्यालयस अमिलिया में संस्कृत के उ.मा. शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं, वहीँ स्वर्गवासी चाचा भी एक शासकीय शिक्षक रहें हैं और दादा



जी सेवानिवृत होने के बाद कई वर्षों तक क्षेत्र में प्रख्यात रूपनारायण पब्लिक स्कूल के संचालक रहे हैं। सुप्रिया की इस सफलता से समस्त गाँव एवं समाज में प्रसन्नता एवं उत्साह की लहर है। जगह जगह से बधाइयों का सिलसिला जारी है, फूफा मधुकर प्रसाद मिश्र, दिनेश मिश्रा, कैलाश प्रसाद पाण्डेय, नाना ध्रुवनारायण पाण्डेय, तिलकधारी त्रिपाठी, विजयनाथ शुक्ल, भाभी के पिताजी श्रीकृष्ण कुमार मिश्र, जीजा जागेश्वरी पाण्डेय, दीपेन्द्र द्विवेदी, धर्मेन्द्र मिश्रा, राजेश मिश्रा आदि संबंधियों ने बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि सुप्रिया हिंदी - बघेली के प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार रमाकांत द्विवेदी सावन की भतीजी है। अत: सीधी के साहित्य समाज की तरफ से भी बधाइयों का ताँता लगा है, इसी क्रम में सो.मा.लो.ब के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा श्रीनिवास शुक्ल सरस, बघेली - हिन्दी के वरिष्ठ कवि व साहित्यकार राजबहोर पाठक मनोज, अंजनी सिंह सौरभ, विनय मिश्रा प्रांजल, कमलेश कायल, हरविलास हरि, भीमसेन भावेश, कुंजल कुंज, सतीश सलभ, रावेन्द्र तिवारी रावेन्द्र इत्यादि ने भी बधाइयाँ प्रेषित की हैं। इसके अतिरिक्त ओमप्रकाश मिश्र हाई स्कूल प्राचार्य डाइट सीधी, सीएम राइज सिहावल प्राचार्य के.के. पटेल, विधिनारायण तिवारी बमुरी, इन्द्रकमल मिश्रा, राजपति चतुर्वेदी, लक्षपति द्विवेदी, छत्रमणि द्विवेदी, रमेश द्विवेदी, श्यामकुमार द्विवेदी, पुष्पराज द्विवेदी तथा समस्त द्विवेदी परिवार एवं अन्य मित्रों, शुभचिंतकों, रिश्तेदारों एवं परिजनों ने सुप्रिया को इस सफलता पर बधाई दी है एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# अस्पताल के निजीकरण से नागरिकों को नहीं मिलेंगी सुविधाएं : उमेश

**सिहावल।** जिला अस्पताल बचावा जिउ बचावा संघर्ष मोर्चा द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल के सामने अस्पताल बचावा जिउ बचाव सत्याग्रह का आयोजन किया गया। सत्याग्रह में क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थिति रहे। अस्पताल बचावा जिउ बचाव सत्याग्रह में आए ग्रामीणों के समक्ष अपनी बात रखते हुए टोंको-रोंको-ठोंको क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने कहा कि सीधी जिले में प्राइवेट मेडिकल काँलेज खोलने के लिए जिला अस्पताल का निजीकरण करना स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार या अच्छी सेवाओं की गारंटी नहीं है बल्कि यह कदम सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को कमजोर करने की दिशा मे एक बड़ा कदम होगा और यह जिले की जनता को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं से दूर करनें में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्राइवेट मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जिला अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्थान को निजी हाथों मे देने से पूरे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में मुश्किले होगी तथा जिले के नागरिकों की चिकित्सा सुविधा निजी हाथों में कैद होगी। सत्याग्रह कों संबोधित करते हुए राजेंद्र जायसवाल जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग ने कहा कि घर की संपत्ति यदि लडका बेचने लगे तो समझ लेना लडका निकम्मा है। इसी तरह मौजूदा सरकार सब कुछ बेच रही है ऐसी सरकार को शर्म आना चाहिए कि अब गरीब की उम्मीद अस्पताल को भी बेचने पर उतारू है। अपनी बात रखते हुए जगजीवन प्रसाद पटेल जनपद सदस्य ने कहा कि सीधी जिले में सबसे ज्यादा गरीब ओबीसी हरिजन आदिवासी रहते हैं जिला अस्पताल के निजीकरण से गरीब दवाई से वंचित होंगे।

अपनी बात रखते हुए पूर्व जनपद सदस्य निसार आलम ने कहा कि निजीकरण और सरकारी का फर्क इसी से लगाया जा सकता है कि जब राज्य परिवहन की बस चलती थी तो किराए में इस तरह लूट नहीं होती थी जैसे अब प्राइवेट बस मालिक टैक्सी और ऑटो वाले लूट रहे हैं।

# चपरासी को तीन साल से नहीं मिला वेतन, अतिथि शिक्षक भी परेशान

**रामपुर नैकिन।** शासकीय उमावि पैपखरा में चपरासी को तीन साल से वेतन नहीं मिल पा रहा है। जिसकी शिकायत जन सुनवाई में की जा चुकी है। उसके बाद भी कोई पहल नही हो रही है। वहीं अतिथि शिक्षक भी वेतन के लिए परेशान हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए भृत्य भगवान दीन शुक्ल द्वारा बताया गया कि मैं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैपखरा में चपरासी पद में काम कर रहा हूं। मुझे 3 साल से वेतन नहीं मिला। मैं सीधी कलेक्टर के पास जनसुनवाई में दो बार गया, लेकिन आज तक हमारा पेमेंट नहीं मिला। वहीं उपस्थिति अतिथि शिक्षकों द्वारा भी बताया गया कि हम लोगों का भी पेमेंट नहीं मिला है। हम लोग भी सीएम हेल्पलाइन एवं कलेक्टर तक आवेदन दिए हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। जिससे हमारे परिवार का भरण-पोषण करने में बड़ी दिक्कत हो रही है संबंधित व्यक्तियों द्वारा बोला गया मेरी आवाज को सरकार तक पहुंचाई जाए एवं मेरा पेमेंट दिलवाया जाए। जब विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह से संपर्क करने गया तो पता चला कि वह विद्यालय में उपस्थित ही नहीं है।

# नि :शुक्ल नेत्र परीक्षण शिविर आज

**सीधी।** वैश्य महासम्मेलन के जिला व नगर कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुक्ल नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नि:शुक्ल नेत्र शिविर में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों के द्वारा नेत्र परीक्षण किया जायेगा एवं ऑपरेशन की आवश्यकता होने पर उसी दिन चित्रकूट जाने के लिए वाहन की व्यवस्था तैयार की गई है। नेत्र परीक्षण शिविर दीनदयाल कालोनी में संचालित सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के जांच केन्द्र पर आयोजित किया जायेगा।

# कमलेश स्मृति में साहित्यिक सभा सम्पन्न

**सीधी।** गत दिनांक 19 अक्टूबर को ''कमलेश स्मृति साहित्यिक प्रयास'' के तत्वावधान में रामराज यादव विकल के मेजबानी में उनके गृह ग्राम पड़ैनिया के निज निवास स्थान में एक साहित्यिक सभा का आयोजन हुआ जिसमें कवि कमलेश की जयंती मनाई गई। सर्व प्रथम कमलेश की माता श्रीमती शांती यादव व भतीजी कुं. संजीता यादव के द्वारा पूजा की थाल से माँ सरस्वती व कवि कमलेश की प्रतिमा का पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनिल सिंह व अध्यक्ष डॉ0 शिवशंकर मिश्र, विशिष्ट अतिथि अशोक तिवारी अकेला और गणमान्य साहित्यकारों द्वारा माँ सरस्वती व कवि कमलेश की प्रतिमा का फूल अगरबत्ती द्वारा पूजा अर्चना की गई। काव्यगोष्ठी में



प्रमुख रूप से प्रोफेसर अनिल सिंह, डॉ0 शिवशंकर मिश्रा, कमलापति गौतम कमल, अशोक तिवारी अकेला, गणेश गौतम प्रज्ञेस, गणेश प्रसाद विकट, कुंजल साकेत कुंज, रावेन्द्र प्रसाद तिवारी के द्वारा अपनी-अपनी कविताओं के द्वारा श्रोताओं का मन मोह लिये। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनिल सिंह सत्यप्रिय ने अपने उद्बोधन में कहा कि कविता आत्मा की सहचरी है, इसके माध्यम से सीधे परमात्मा से सम्वाद होता है। अच्छा साहित्यकार बनने के लिये साहित्य की गतिशील परम्परा का ज्ञान होना चाहिए। उनके द्वारा इस अवसर पर दोहे भी पढ़े गये।

कथनी-करनी में हुये, जबसे जंग विचित्र।
तबसे धुँधलाने लगे, उपदेशों के चित्र।

डॉ0 शिवशंकर मिश्र सरस द्वारा बघेली रचना - जउन होय, होय दे, फूल बोये कुछु न होय, काँटै तु बोय दे, जउन होय, होय दे। की सजीव प्रस्तुती कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिये। श्रोता दीर्घा में प्रमुख रूप से श्यामलाल यादव, सुखराज यादव, शिव प्रसाद तिवारी, उमाशंकर यादव, अरूणेश यादव, शैलेन्द्र यादव, दिव्यांश यादव, संजीवन यादव, कृष्ण कुमार यादव, चन्द्रेश यादव, पूनम यादव, अनीता यादव, राजेन्द्र कुमार यादव, कु. माही यादव, कु. बिट्टू यादव आदि की उपस्थिति सराहनीय रही। सभा का सफल संचालन गणेश प्रसाद विश्वकर्मा विकट के द्वारा किया गया। रामराज यादव विकल्प के मेजवारी में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के हमले में सीधी के इंजीनियर की मौत

## एपीसीसीओ कंपनी में मैकेनिकल मैनेजर के पद में कार्यरत थे इंजीनियर अनिल शुक्ला

**सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक इंजीनियर की आतंकवादियों के हमले से मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर बनी हुई है। उनके घर सहित पूरे गांव एवं जिले में इस घटना की निंदा आतंकवादियों को लेकर हो रही है।

जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकियों के कायराना हमले में 7 लोगो की जान चली गई है। उक्त हमले में सीधी जिले के रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत डिठौरा निवासी अनिल शुक्ला कि जान चली गई है। इस घटना की सूचना मिलते ही परिजनों समेत गांव मे शोक का माहौल देखा जा रहा है। बता दे कि सीधी जिले के रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत डिठौरा निवासी अनिल शुक्ला कश्मीर में एपीसीसीओ कंपनी में



मैकेनिकल मैनेजर के पद पर काम करते थे। विगत दिनो आतंकी हमले में मौत हो गई। अभी तक उनका शव नही लाया जा सका है। अनिल शुक्ल की पढ़ाई लिखाई छत्तीसगढ़ जिला कोरिया से हुई है। इनके पिता जी विश्वनाथ शुक्ला कोल माइंस कोरिया में नौकरी करते थे, अनिल शुक्ला 1995 से लगातार नौकरी कश्मीर में कर रहे हैं पूर्व में ये जेपी कंपनी में काम कर रहे थे लाकडाउन के दौरान ये नौकरी छोड़ कर अब एपीसीसीओ कंपनी में नौकरी कर रहे थे। उनका पार्थिव शरीर एक दिन बाद आने की जानकारी मिली है।

### परिजनों को आज हुई जानकारी



कश्मीर में हुए आतंकबादी हमले के में जान गवाने वाले अनिल शुक्ला के परिजनों को आज सुबह सूचना मिली कि दु:खद घटना क्रम हो गया है। अनिल शुक्ला की पत्नी व एक बेटी व बेटा को लेकर किराये से कमरा लेकर रीवा में रहते थे, बेटी आकांक्षा जहां बीएससी की पढ़ाई व बेटा ओम शुक्ला 12 की पढ़ाई कर रहा है। मृतक अनिल शुक्ल के पिता ने बताया कि बेटे से रोज बात होती थी कल भी बात हुई थी। अभी जुलाई महिने में आये थे और बोले थे कि जनवरी माह में फिर से घर आएंगे। वही बेटे ने बताया कि पापा का सपना था कि हम इंजीनियर बने वही बेटी का कहना था कि बेटी डॉक्टर बने।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक, 5 लाख की दी आर्थिक सहायता राशि

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना को लेकर ट्विट करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमले में मध्य प्रदेश के सीधी जिला अंतर्गत ग्राम डिठौरा के एक होनहार इंजीनियर अनिल शुक्ला के काल कवलित होने का समाचार ह्रदय विदारक है। दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ मेंरी गहरी संवेदनाएं हैं। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से मृतक के परिजनों को 5 लाख की आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिए हैं। साथ ही बाबा महाकाल से शोक संतप्त परिवार को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति एवं ईश्वर से दिवंगत की पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना करता हूं।

### सदमे में है पूरा परिवार

आतंकी हमले से हुई इस घटना से इंजीनियर की मौत की खबर मिलते ही पूरा परिवार सदमे में है। उनके भाई विनोद शुक्ला एवं घर के सभी सदस्य सदमे में हैं। एक होनहार इंजीनियर जो बार्डर में काम कर रहे थे आतंकियों ने उन्हें उड़ा दिया जिससे पूरा परिवार सदमे में है। साथ ही पूरे डिठौरा क्षेत्र में शोक की लहर देखने को मिल रही है। परिजनों से बात करने की कोशिश की गई लेकिन दुख की घड़ी में मोबाईल बंद होने से बात नहीं हो पाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### चंपई सोरेन ने बताया, झारखंड चुनाव में क्या होगा मुद्दा



**रांची, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता चंपई सोरेन ने पार्टी द्वारा जारी की गई उम्मीदवारों की सूची पर प्रतिक्रिया दी और चुनाव के मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, जो भी सूची जारी की गई है, वह सही है। पूरे प्रदेश में लोग खुश हैं, लेकिन चुनावों का मुख्य मुद्दा क्या होगा, यह सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा महत्वपूर्ण है और आदिवासियों की भूमि की सुरक्षा एक बड़ी चिंता का विषय है। खासकर, यदि नियमों में कोई बदलाव होता है और आदिवासियों की जमीन छीनी जाती है, तो यह बहुत बड़ा मुद्दा बन जाएगा। उन्होंने अपने अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने पांच महीने सत्ता में रहते हुए पारदर्शिता से काम करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा मैंने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार से दूर रहने का प्रयास किया और जनता ने उनके काम की प्रशंसा की। हालांकि, वे यह भी मानते हैं कि झारखंड के लिए जो होना चाहिए था, वह संभव नहीं हो सका। इसके बाद, उन्होंने भाजपा की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने भाजपा को आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा करने वाली पार्टी बताया और कहा कि यदि झारखंड अलग राज्य बना है, तो इसका श्रेय भाजपा को जाता है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर किया और 1961 में उनके धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मिटाने का काम किया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के साथ कसिी के रहने से झारखंड का भला नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो भी दायित्व उन्हें सौंपेगी, वे उसे निभाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने विभिन्न योजनाओं की शुरुआत की, जैसे मैया सम्मान योजना और भोगो विधि योजना, और इन योजनाओं में राशि बढ़ाई गई। लेकिन, उन्होंने चिंता व्यक्त की कि कई लोग इन योजनाओं से वंचित रह गए।

### केरल की वायनाड सीट से बेटी प्रियंका के लिए प्रचार करेंगी सोनिया गांधी



**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अपनी बेटी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के लिए केरल के वायनाड में प्रचार करेंगी, जो अपना पहला चुनावी मुकाबला लड़ रही हैं। राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में वायनाड के साथ-साथ रायबरेली से भी चुने गए थे। बाद में उन्होंने वायनाड से इस्तीफा दे दिया। इसके चलते यहां से उपचुनाव जरूरी हो गया है। वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके साथ ही पलक्कड़ और चेलाक्कारा विधानसभा सीटों पर भी मतदान होगा। 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। राज्य कांग्रेस नेताओं के अनुसार, सोनिया गांधी कई सालों के बाद केरल लौट रही हैं और मंगलवार को होने वाले रोड शो में उनके साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। राहुल गांधी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एनी राजा पर 3,64,422 वोटों के अंतर से वायनाड लोकसभा सीट बरकरार रखी थी। हालांकि, यह उनके 2019 के प्रदर्शन के मुकाबले थोड़ा कम है, जब उन्होंने सीपीआई के पीपी सुनीर पर 4,31,770 वोटों के रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की थी। राहुल गांधी के वायनाड लोकसभा सीट खाली करने के बाद, राज्य कांग्रेस इकाई ने प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ने के लिए आमंत्रित किया और उन्हें वायनाड से यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) उम्मीदवार घोषित किया। केरल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता यूडीएफ के गढ़ वायनाड से प्रियंका गांधी के लिए पांच लाख से अधिक वोटों से जीतने की उम्मीद कर रहे हैं। राज्य की अलप्पुझा लोकसभा सीट से सांसद कांग्रेस महासचिव, संगठन, केसी वेणुगोपाल वायनाड में प्रियंका गांधी के चुनाव अभियान का समन्वय करेंगे।

### केंद्र सरकार ने दिल्ली को कर दिया बर्बाद, लॉ एंड ऑर्डर के मामले में हुई फेल : सौरभ भारद्वाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रोहिणी स्थित एक स्कूल के बाहर बम ब्लास्ट की घटना पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने रविवार को आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, दिल्ली को भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बर्बाद कर दिया है। दिल्ली के अंदर देश के सारे गैंग आज एक्टिव है। दिल्ली का आदमी जब घर से निकलता है तो उसे नहीं मालूम कि कहां उसे गैंगवॉर का सामना करना पड़ जाए या कहीं गोलियों की गूंज या फिर कहीं बम ब्लास्ट देखने को ना मिल जाए। अगर वे उससे बच जाता है तो ट्रैफिक जाम में फंस जाता है। ये सारे काम केंद्र सरकार के थे, चाहे वह लॉ एंड ऑर्डर हो या फिर ट्रैफिक का काम हो। मगर इन सभी कामों में केंद्र सरकार और उनके एलजी पूरी तरह से फेल हो गए हैं और गायब भी हैं। उन्होंने उपराज्यपाल के गायब होने पर सरकार से सवाल पूछा। उन्होंने कहा, दिल्ली के एलजी गायब हैं और इस बात को शुक्रवार से छिपाया जा रहा है कि वे कहां हैं।

# पराली जलाने पर हरियाणा सरकार का सख्त ऐक्शन, 38 किसानों के एमएसपी पर फसल बेचने पर लगी रोक



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में कृषि और किसान कल्याण विभाग ने 38 किसानों को अगले 2 खरीद सत्रों में एमएसपी पर फसल बेचने से रोक लगा दी है। पराली जलाने पर अंकुश लगाने के मकसद से ये कड़ा कदम उठाया गया है। विभाग के निदेशक की ओर से जारी सर्कुलर के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। इन किसानों के मेरी फसल, मेरा ब्योरा रिकॉर्ड में रेड एंट्री दर्ज की गई है। इससे ई-खरीद पोर्टल के जरिए फसल बेचने पर रोक लग जाएगी, जो स्स्क पर खरीद सुनिश्चित करती है।

विभाग की ओर से जो सर्कुलर जारी किया गया, उसमें कड़ी कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसमें पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ स्स्ढ्ढक्रदर्ज करना और 2 सत्रों के लिए खरीद प्रक्रिया से बाहर करने की खातिर चिह्नित करना शामिल है। ऐसी घटनाओं को रोकने में लापरवाही करने वाले सरकारी अधिकारियों को नतीजे भुगतने की भी चेतावनी दी गई। करनाल के उप कृषि निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने कहा, हमने पहले 9 एफआईआर दर्ज की थीं। ताजा निर्देशों के बाद दोषी किसानों के एमएफएमबी रिकॉर्ड में रेड एंट्री भी दर्ज कर ली गई। सैटेलाइट डेटा के अनुसार, पराली जलाने के नियमों का उल्लंघन करने पर 39 किसानों पर 1,07,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

**किसानों पर कार्रवाई का फैसला वापस लेने की मांग :** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार को पराली जलाने के मामलों में किसानों पर कार्रवाई का फैसला वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को पराली का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करके किसानों से इसकी खरीद करनी चाहिए। पराली जलाने को लेकर सरकार की ओर से किसानों पर की गई कार्रवाई पूरी तरह निंदनीय है। सरकार को यह किसान विरोधी फैसला वापिस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों पर जुर्माना लगाने, उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और उनको रेड लिस्ट करने की बजाय इसके समाधान पर काम करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संभालेंगे गृह समेत 12 विभाग, हरियाणा में बंटे मंत्रालय

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में सरकार बनने के तीन दिन बाद ही मंत्रियों के विभागों का बंटवारा हो गया है। इसमें गृह, वित्त जैसे अहम विभाग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने पास ही रखे हैं। वहीं, राव नरबीर सिंह उद्योग, पर्यावरण समेत कई विभाग संभालेंगे। गुरुवार को ही हरियाणा में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। हरियाणा कैबिनेट में सीएम समेत 14 मंत्री हो सकते हैं। खबर है कि सैनी वित्त, गृह, योजना, आबकारी, जनसंचार, भाषा और संस्कृति समेत 12 विभाग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संभालेंगे। गुरुवार को उन्होंने दूसरी बार राज्य के सीएम के तौर पर शपथ ली थी। 8 अक्टूबर को घोषित नतीजों में 90 सदस्यों वाली हरियाणा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने 48 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था। अंबाला कैंट से विधायक अनिल विज को श्रम, ऊर्जा और परिवहन विभाग दिए गए हैं। मनोहर लाल खट्टर सरकार में वह गृहमंत्री रहे थे। आरती सिंह राव को स्वास्थ्य विभाग, आयुष समेत 3 विभाग सौंपे गए हैं। राव नरबीर सिंह को उद्योग, वन और वन्यजीव, पर्यावरण, कॉमर्स विभाग दिए गए हैं। महिपाल ढांडा स्कूल शिक्षा संभालेंगे। विपुल गोयल को राजस्व, आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन दिया गया है। अरविंद शर्मा के पास जेल और सहकारिता विभाग हैं। श्याम सिंह राणा कृषि और किसान कल्याण, कृष्ण कुमार बेदी को सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, एससी/बीसी कल्याण दिए गए हैं।श्र

### दो सीटों के ऑफर से सपा-कांग्रेस गठबंधन में तकरार, उपचुनाव लड़ने कर सकती है इनकार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच एक तरफ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे का पेंच फंसा हुआ है वहीं यूपी उपचुनाव में सपा की ओर से दो सीटों के ऑफर ने कांग्रेसी दावेदारों की बेचैनी बढ़ा दी है। पार्टी ने एक तरफ ज्यादा सीटों के लिए सपा पर दबाव बढ़ा दिया है। दूसरी तरफ कई मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि अधिक सीटें नहीं मिलीं तो कांग्रेस यूपी उपचुनाव से किनारा भी कर सकती है। हालांकि अभी तक कांग्रेस नेताओं ने इस पर चुप्पी साध रखी है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि सीटों के बारे में राष्ट्रीय नेतृत्व तय कर रहा है। हम लोग यूपी में संगठन की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर फंसे इस पेंच के बीच कांग्रेस यूपी में दो से ज्यादा सीटों के लिए अड़ी हुई है। अभी तक सपा की तरफ से उसके लिए केवल दो ही सीटें छोड़े जाने का स्पष्ट संकेत दिया गया है। यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी इंडिया गठबंधन के इन दोनों प्रमुख दलों के बीच सीटों के बंटवारे का विवाद हल नहीं हो पाया है। नामांकन की अंतिम तारीख 25 अक्तूबर नजदीक आने के साथ ही कांग्रेस में टिकटों के दावेदारों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। अभी तक के संकेतों के अनुसार कांग्रेस को गाजियाबाद के अलावा खैर की सीट मिलने वाली है। समाजवादी पार्टी ने इन दोनों सीटों से अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। इसके अलावा सपा ने कुंदरकी सीट पर भी अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है। गाजियाबाद और खैर सीट से कांग्रेस के टिकट के दावेदार भी खासे परेशान हैं।

### त्रिशूल से दादी की हत्या कर खून शिवलिंग पर चढ़ाया, सुसाइड की कोशिश; छत्तीसगढ़ में खौफनाक वारदात

**दुर्ग, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक खौफनाफ वारदात सामने आया है। एक आदमी ने त्रिशूल से अपनी दादी की हत्या कर उनका खून शिवलिंग चढ़ाया। उसके बाद खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इसे मानव बलि का संदिग्ध मामला बता रही है। पुलिस ने रविवार को बताया कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मानव बलि का एक संदिग्ध मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी दादी की हत्या कर दी और आत्महत्या करने की कोशिश करने से पहले उनका खून शिवलिंग पर चढ़ाया। धमधा क्षेत्र के एसडीपीओ संजय पुंढीर ने कहा कि यह घटना अंधविश्वास का परिणाम लग रही है। शनिवार शाम को नंदिनी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ननकट्टी गांव में यह घटना हुई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना के बारे में सूचना देने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। उसकी पहचान 70 साल की रुक्मणी गोस्वामी के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी 30 साल के गुलशन गोस्वामी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गुलशन अपनी दादी के साथ भगवान शिव के मंदिर के पास एक कमरे में रहता था। वह रोजाना मंदिर में अनुष्ठान करता था।

# कांग्रेस और उद्धव सेना में सीटों पर भारी तकरार, बैठकें तक रद्द



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ठीक एक महीना बाकी है, लेकिन अब तक विपक्षी गठबंधन एमवीए ने सीट शेयरिंग फॉर्मूला पेश नहीं किया है। खबरें ये भी हैं कि कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के बीच तनातनी ज्यादा चल रही है। दोनों ही दलों के दिग्गज दिग्गज नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) चीफ शरद पवार के द्वार पहुंचे हैं। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा।

**कांग्रेस की बैठकें रद्द :** टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एआईसीसी की चुनाव और स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकें होना थीं, लेकिन सीट शेयरिंग में सहमति नहीं बनने के चलते ये रद्द हो गईं। कहा जा रहा है कि समितियां अगले 1-2 दिनों में फिर मीटिंग कर सकती हैं। इधर, शनिवार को एमवीए में सीट शेयरिंग पर दोबारा बातचीत शुरू हो गई थी।

**दे रहे ऐसे संकेत :** अखबार से बातचीत में कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने कहा कि अगर सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बनती है, तो पार्टी किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने भी कहा है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है। शनिवार को ही कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्नीथला ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और पवार से मुलाकात की थी।

**पवार के द्वार :** खबर है कि शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे और एमएलसी अनिल परब ने भी सीनियर पवार से मुलाकात की है। अखबार के अनुसार, पदाधिकारियों का कहना है कि मीटिंग घोषणापत्र के चलते की गई थी, लेकिन राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सीट पर छिड़ी रार अभी पूरी तरह शांत नहीं हुई है। यह खासतौर से शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के बीच जारी है। रविवार के उद्धव ठाकरे ने भी मातोश्री में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली।

एआईसीसी की तरफ से भी सीडब्ल्यूसी के सदस्य नसीम खान को स्थिति संभालने के लिए मैदान में उतारा गया है। उन्होंने अखबार को बताया, विवादित सीटों को लेकर शरद पवार से मेरी छोटी सी मुलाकात हुई है। एमवीए के सूत्रधार होने के नाते उन्होंने उद्धव ठाकरे और संजय राउत दोनों से मुलाकात की है। मुझे भरोसा है कि शरद पवार के हस्तक्षेप के बाद विवाद सुलझ जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस के पदाधिकारी ने शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) को लेकर कहा, उनकी मांग वास्तविक नहीं हैं। वे ऐसी सीटों की मांग कर रहे हैं, जहां उनकी मौजूदगी लगभग शून्य है।

**पद्मनाभ स्वामी मंदिर से चोरी कर लाए कीमती बर्तन, हरियाणा से पकड़े गए 4 आरोपी : तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के प्रसिद्ध श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर से कथित तौर पर कांस्य पात्र चुराने के आरोप में हरियाणा से चार लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय भाषा में उरुली कहे जाने वाले पारंपरिक बर्तन का उपयोग प्राचीन मंदिर में पूजा और अनुष्ठानों के लिए किया जाता था। पुलिस ने पुष्टि की कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और हरियाणा पुलिस के सहयोग से उन्हें हिरासत में ले लिया गया है, लेकिन उन्होंने ज्यादा जानकारी नहीं दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''आरोपियों में से एक डॉक्टर है, जिसके पास आस्ट्रेलिया की नागरिकता है। पिछले सप्ताह उसके साथ दो-तीन महिलाओं ने दरगाह में जाकर प्रार्थना की थी।

# मराठा आबादी वाली सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे मनोज जरांगे, महाराष्ट्र चुनाव में किसका बिगाड़ेंगे खेल



**मुंबई, एजेंसी।** आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र की उन विधानसभा सीटों पर मराठा उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है, जहां इस समुदाय के लोगों की अच्छी-खासी आबादी है। जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में जरांगे ने कहा कि वह केवल उन्हीं सीटों पर मराठा उम्मीदवार उतारेंगे, जहां समुदाय की जीत की संभावना है। जरांगे ने कहा कि उनका समूह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित क्षेत्रों में मराठा मुद्दों का समर्थन करने वाले अन्य उम्मीदवारों का समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मराठा समुदाय की जीत की संभावना नहीं है, वहां उनका समूह पार्टी, जाति या धर्म की परवाह किए बिना उम्मीदवारों का समर्थन करेगा। बश,ते वे आरक्षण की मांग का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हों। मनोज जरांगे ने कहा कि जो उम्मीदवार उपरोक्त मांग से सहमत हैं, उन्हें लिखित प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर करना होगा। माना जा रहा है कि इस कदम से कई उम्मीदवारों का राजनीतिक समीकरण बिगड़ सकता है। मालूम हो कि महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी। जरांगे ने संभावित उम्मीदवारों से नामांकन पत्र दाखिल करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी उम्मीदवारी के बारे में अंतिम निर्णय 29 अक्टूबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी उम्मीदवार से नामांकन वापस लेने का अनुरोध किया जाता है तो उसे इसका अनुपालन करके नामांकन पत्र वापस लेना होगा। मराठा आरक्षण आंदोलन को कमजोर करने का आरोप जरांगे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर मराठा आरक्षण आंदोलन को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने मराठा समुदाय से अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग के पीछे एकजुट होने और अपने अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रखने की अपील की। आरक्षण कार्यकर्ता ओबीसी श्रेणी के तहत मराठों के लिए आरक्षण और हैदराबाद, बॉम्बे व सतारा के राजपत्रों की मसौदा अधिसूचनाओं को लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसमें मराठा समुदाय को कृषक समूह कुनबी घोषित करते हुए ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण और लाभ के लिए पात्र बताया गया है।

# शिवराज सिंह चौहान का मोदी सरकार में बढ़ा कद, पीएम ने सौंपी नई जिम्मेदारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनडीए सरकार में कृषि मंत्री की भूमिका निभा रहे शिवराज सिंह चौहान का कद बढ़ता नजर आ रहा है। खबर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है, जिसके तहत वह देशभर में सरकार की नई और जारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। दरअसल, पीएम मोदी ने एक नई टीम गठित की है, जिसकी कमान चौहान को दी गई है। हाल ही में इस संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी, जिसमें सचिव स्तर के कई बड़े अधिकारी शामिल हुए थे।

**टीम का क्या होगा काम :** हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, कृषि मंत्री बनने से पहले मध्य प्रदेश के तीन बार के मुख्यमंत्री रहे चौहान की अगुवाई में गठित समूह हर महीने समीक्षा बैठक करेगा। यह मीटिंग प्रधानमंत्री कार्यालय में होगी, जहां सभी सरकारी योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में शामिल रहे अधिकारी बताते हैं कि पीएम मोदी ने चौहान को घोषणा किए गए सभी प्रोजेक्ट्स की प्रगति देखने की शक्तियां दे दी हैं। इसके तहत केंद्रीय मंत्री साल 2014 यानी पहली एनडीए सरकार के कार्यकाल से लेकर अब तक घोषित परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। हालांकि, सरकार ने इस समूह को लेकर जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।

**शिवराज सिंह चौहान को ये जिम्मा :** खबर है कि चौहान प्रधानमंत्री को पोर्टल पर प्रकाशित सभी योजनाओं, वो परियोजनाएं जिनकी आधारशिला पीएम मोदी की तरफ से रखी गई है, बजट में की गई घोषणाओं, ऐसे कानून जिनपर नियम बनाए जाने बाकी हैं और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करेंगे। अगर किसी प्रोजेक्ट में देरी नजर आती है या वहां मंत्री स्तर पर किसी समर्थन की जरूरत होती है, तो इस संबंध में चौहान संबंधित सचिवों से संपर्क साधेंगे। पहली बैठक हुई खबर है कि 18 अक्टूबर को पीएम कार्यालय में इस समूह की पहली बैठक हो चुकी है, जहां सरकार के सभी सचिव शामिल हुए थे। कहा जा रहा है कि पीएम मोदी सरकारी योजनाओं के लागू होने में हो रही देरी को लेकर चिंतित हैं और बंद दरवाजों के पीछे होने वाली बैठकों में इस संबंध में सचिवों और पीएमओ के अधिकारियों को बता भी चुके हैं।

# अब दरगाहों के भी दर्शन करवाएगी महाराष्ट्र सरकार, योजना में नई जगहें जोड़ीं



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही महायुती सरकार ने कई योजनाओं की शुरुआत की थी। इनमें से ही एक तीर्थ दर्शन योजना में अब सरकार ने कई दरगाहों को भी शामिल कर लिया है। इसमें हाजी अली दरगाह, मुंबई, हाजी मलंग दरगाह कल्याण और दिवानशाह दरगाह भिवंडी शामिल हैं। मुस्लिमों के अलावा पारसियों, बौद्धों और जैन समुदाय के पवित्र स्थानों को भी इस लिस्ट में शामिल किया गया है। तीर्थ दर्शन योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार 60 साल से ज्यादा के वरिष्ठ नागरिकों को किसी एक तीर्थ के दर्शन के लिए प्रति व्यक्ति 30 हजार रुपये की मदद देती है। हालांकि शर्त यह है कि व्यक्ति की पारिवारिक आय 2.5 लाख से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इस योनजा का प्रस्ताव 15 अक्टूबर को जारी किया गया था। इसके तहत महाराष्ट्र के 95 और महाराष्ट्र के बाहर के 15 पवित्र स्थलों को जोड़ा गया था। अल्पसंख्यकों को लुभाने का प्लान महायुती सरकार के इस कदम को चुनावी फायदे की योजना के तौर पर भी देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि चुनाव से पहले अल्पसंख्यकों के स्थलों को स्कीम में जोड़ना वोटबैंक तैयार कनरे का खेल है। समाजवादी विधायक रईस शेख ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सब महायुति सरकार केवल राजनीतिक फायदे के लिए कर रही है। उन्होंने कहा, जब जुलाई में स्कीम शुरू की गई थी तभी सवाल किया गया था कि इसमें एक भी मुस्लिमों के स्थल को क्यों नहीं शामिल किया गया। मैंने खुद सीएम शिंदे को पत्र लिखा था कि इसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी शामिल किया जाए। मुझे खुशी है कि अब कई स्थानों को इसमें जगह दी गई है। शेख ने कहा कि चुनाव से पहले मुस्लिमों के स्थानों को शामिल करना, सरकार की मंशा दिखाता है। महाराष्ट्र संतों की भूमि है। इस राज्य में सूफी संतों की दरगाहें हैं और वहां हिंदू भी जाते हैं। राज्य में हाजी अली और हाजी मलंग की दरगाह है। इतिहास जानते हुए भी सरकार ने इन्हें योजना में शामिल नहीं किया था।

# न्यूजीलैंड ने पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप जीता

**दुबई, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में साउथ अफ्रीका को 32 रन से हराकर पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया।

इस जीत के साथ कीवी टीम ने 14 साल बाद फाइनल में अपनी जगह बनाई, जिसमें उन्होंने पहले भी 2009 और 2010 में रनर-अप का खिताब हासिल किया था। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में, साउथ अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर केवल 126 रन ही बना सकी।

### अमेलिया केर का शानदार प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने एक बार फिर अपने अद्वितीय प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने 43 रन बनाए और साथ ही 3 विकेट भी लिए। केर को उनकी इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में ब्रुक हैलीडे ने 38 और सूजी बेट्स ने 32 रन बनाए।

### साउथ अफ्रीका की चुनौती

साउथ अफ्रीका की शुरुआत काफी अच्छी रही। कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट और तजमिन ब्रिट्स ने पहले विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की।

**साउथ अफ्रीका को फाइनल में 32 रन से हराया**




हालांकि, वोल्वार्ड्ट 27 बॉल पर 33 रन बनाकर टीम की टॉप स्कोरर रहीं, और उनकी पारी के बाद टीम विकेट खोने लगी।

साउथ अफ्रीका की टीम के लिए नॉनकुलुलेको म्लाबा ने 2 विकेट लिए, जबकि क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लार्क और अयाबोंगा खाका ने 1-1 विकेट लिया।

### फाइनल में अफ्रीका की निराशा

यह साउथ अफ्रीका के लिए लगातार दूसरी बार फाइनल हारने का मौका था, क्योंकि उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी फाइनल गंवाया था।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**न्यूजीलैंड:** सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर, अमेलिया केर, ब्रुक हैलीडे, मैड्डी ग्रीन, इसाबेला गेज, रोजमेरी मैयर, ली ताहुहु, ईडन कार्सन और फ्रान जोनास।

**साउथ अफ्रीका:** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, एनेके बॉश, मारिजान कैप, क्लो ट्रायॉन, सुने लुस, एनेरी डर्कसेन, नादिन डी क्लार्क, सिनालो जाफ्ता, अयाबोंगा खाका और नॉनकुलुलेको म्लाबा।

इस जीत के साथ, न्यूजीलैंड ने अपने क्रिकेट इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है और अब वे टी-20 विश्व कप विजेता के रूप में एक नई पहचान बनाने के लिए तैयार हैं।

**रणजी ट्रॉफी:**

## 15 छक्के और 2 शतक, अब्दुल समद ने रचा इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हार्ड हिटिंग बैटर अब्दुल समद ने सोमवार (21 अक्टूबर) को इतिहास रच दिया। वह रणजी ट्रॉफी के एक ही मैच में दो शतक लगाने वाले जम्मू-कश्मीर के पहले खिलाड़ी बन गए। कटक के बाराबती स्टेडियम में ओडिशा के खिलाफ खेलते हुए समद ने पहली पारी में छह चौकों और नौ छक्कों की मदद से 117 गेंदों पर 127 रनों की विस्फोटक पारी खेली।

ओडिशा के 270 रनों के जवाब में 272 रन बनाने के बाद जम्मू-कश्मीर पहली पारी में बढ़त हासिल करने से चूक गया,लेकिन समद ने एक और तेज पारी खेलकर अपनी टीम के शीर्ष क्रम सस्ते में आउट होने के बाद संकट से उबारा। 22 वर्षीय इस खिलाड़ी ने मैच में अपना दूसरा शतक केवल 105 गेंदों पर पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से बनाया।

इससे पहले जम्मू-कश्मीर के किसी अन्य बल्लेबाज ने प्रथम श्रेणी मैच में दो शतक बनाने की उपलब्धि हासिल नहीं की थी। समद के 15 छक्के लगाकर अपने गुरु इरफान पठान के भाई यूसुफ पठान की बराबरी की। हालांकि, प्रथम श्रेणी मैच में 2 अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने 15 से ज्यादा छक्के लगाए हैं। समद ने 108 गेंदों पर नाबाद 108 रन बनाए। इससे जम्मू-कश्मीर ने चौथे दिन दो सत्र से अधिक समय रहते 269 रनों का लक्ष्य दिया।

## कैगिसो रबाडा ने सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट का कीर्तिमान हासिल किया



**ढाका, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने सोमवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने 12,000 से कम गेंदों में 300 टेस्ट विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज बन गए। तेज गेंदबाज ने मीरपुर के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की।

दिन के पहले सत्र में मुशफिकुर रहीम का विकेट लेने के साथ ही रबाडा ने दिग्गज तेज गेंदबाज वकार यूनिस (12,602 गेंद) को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने पूर्व प्रोटियाज तेज गेंदबाज डेल स्टेन (12,605 गेंद) को भी पीछे छोड़ दिया। रबाडा लाल गेंद के प्रारूप में 300 विकेट पूरे करने वाले छठे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बन गए। वह इस सूची में स्टेन, शॉन पोलक, मखाया एंटिनी, एलन डोनाल्ड और मोर्ने मोर्कल के साथ शामिल हो गए।

मैचों के लिहाज से भारत के रविचंद्रन अश्विन 54 मैचों में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। इस बीच रबाडा का 39.3 का स्ट्राइक रेट 300 या उससे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले सभी गेंदबाजों में सबसे ज्यादा है। अपना 65वां टेस्ट खेल रहे रबाडा ने 3-26 के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि वियान मुल्डर और केशव महाराज ने भी तीन-तीन विकेट चटकाए और बांग्लादेश को पहली पारी में 106 रन पर समेट दिया।



# दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे ऋषभ पंत?

**न्यूजीलैंड के खिलाफ ध्रुव जुरेल ले सकते है जगह**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को बेंगलुरु टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के हाथों 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है. अब दूसरा टेस्ट मैच 24 अक्टूबर से शुरू होना है, जो पुणे में खेला जाएगा. मगर दूसरा मुकाबला शुरू होने से पहले भारतीय टीम के लिए ऋषभ पंत की चोट चिंता का विषय बनी हुई है. पंत, जिन्हें पहले टेस्ट मैच में दायें घुटने में गेंद लगने से चोट आई थी. इसी कारण वो दूसरे दिन के बाद विकेटकीपिंग करते नहीं दिखे थे.

अब एक मीडिया रिपोर्ट अनुसार चयनकर्ताओं ने ऋषभ पंत को खिलाने या ना खिलाने का फैसला पूरी तरह टीम मैनेजमेंट पर छोड़ दिया है. चूंकि पहले टेस्ट मैच में दूसरे दिन के बाद ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करते दिखाई दिए थे. इसलिए यदि दूसरे टेस्ट मैच में पंत नहीं खेल पाते हैं तो ध्रुव जुरेल की प्लेइंग इलेवन में वापसी तय हो जाएगी. जुरेल जिन्होंने अब तक भारत के लिए 3 टेस्ट मैचों में 63.33 के बढ़िया औसत से 190 रन बनाए हैं. उन्होंने इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ 90 रन की महत्वपूर्ण पारी खेल भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी. यह भी दावा किया गया है कि टीम मैनेजमेंट द्वारा ध्रुव जुरेल की परीक्षा लेना टीम इंडिया के हित में हो सकता है. क्योंकि वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में एक बढ़िया विकल्प साबित हो सकते हैं.

## वॉशिंगटन सुंदर दूसरे-तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड में बदलाव हुआ है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। BCCI ने रविवार को यह जानकारी दी। सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम से जुड़ेंगे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है। न्यूजीलैंड टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरे पर आई है। दूसरा मैच 24 अक्टूबर से पुणे में और तीसरा 1 नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा।



वाशिंगटन सुंदर का टेस्ट करियर 25 साल के सुंदर ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक अपने करियर में कुल 4 टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 265 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए। सुंदर चौथे ऑलराउंडर के रूप में टीम से जुड़े 16 मेंबर्स वाली भारतीय टीम में अब 4 ऑलराउंडर्स हैं। सुंदर से पहले टीम में रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल शामिल थे। हालांकि BCCI ने यह नहीं बताया कि टीम में चौथे ऑलराउंडर को क्यों शामिल किया गया है।

## ग्रीस में आयोजित फिडे वर्ल्ड एमेच्योर चेस चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे नितिन



**चंडीगढ़, एजेंसी।** जीरकपुर के नीतिन राठौड़ 26 अक्तूबर से 5 नवंबर तक ग्रीस स्थित रोड्स में आयेजित होने वाले फिडे वर्ल्ड एम्योच्योर चेस चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगें। यह चैम्पियनशिप वैश्विक स्तर पर चेस गवर्निंग बाडी - वर्ल्ड चेस फेडरेशन फिडे द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें भाग लेने की स्वीकृति आल इंडिया चैस फेडरेशन द्वारा दी गई।

नितिन का चयन इसी वर्ष 13 से 17 फरवरी तक आल इंडिया चेस फेडरेशन के अधीन राजस्थान चैस एसोसिएशन द्वारा जयपुर में आयोजित की गई नेशनल चेस चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुई है। गत वर्ष मस्कट (ओमान) में आयोजित की फिडे वर्ल्ड एमेच्योर चेस चैम्पियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वर्तमान में फिडे नियुक्त आर्बिटर और चैस डिवलपमेंट इंस्ट्रक्टर है जो कि चैस मंत्रा ऐकेडमी के अंर्तगत कई नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के प्लेयर्स को कोचिंग दे चुके हैं।

नितिन के परिवार के सदस्य पिता बैनजाथ, माता अनीता राठौड़, बहन श्वेता राठौड और बेटा नित्यांक्ष भी कई नेशनल और इंटरनेशनल स्तर में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। इसी खेल समर्पण को देखते हुए जाने माने टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 9 में पूरा परिवार अमिताभ बच्चन के समक्ष हाट सीट तक आए थे।

**सुल्तान जोहोर कप:**

## भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराया जोहोर

**बाहरू (मलेशिया), एजेंसी।** दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के 2-2 गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा। मोहम्मद कोनैन दाद (7वें मिनट) ने भारत का खाता खोला। इसके बाद दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) ने गोल किए। इसके अलावा मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने भी भारत की तरफ से गोल किया।



ब्रिटेन की तरफ से रोरी पेनरोज (दूसरे, 15वें मिनट) और माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने 2-2 गोल करके मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत ने शनिवार को जापान को हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। उसने अपनी वही लय बनाए रखी। लेकिन वह ब्रिटेन था जिसने पहला गोल किया। उसकी तरफ से खेल के दूसरे मिनट में ही पेनरोज ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। भारत ने हालांकि इसके कुछ देर बाद ही दाद के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बराबरी कर ली। ब्रिटेन ने 15वें मिनट में फिर से बढ़त हासिल कर ली जब पेनरोज ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।भारत ने हालांकि दूसरे क्वार्टर में अपना दबदबा बनाया और लगातार तीन गोल किए। स्ट्राइकर दिलराज ने 17वें मिनट में गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर किया। शारदा नंद ने इसके बाद दिलराज की मदद से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को मैच में पहली बार बढ़त दिलाई। उन्होंने 26वें मिनट में मनप्रीत की भी गोल करने में मदद की जिससे भारत 4-2 से आगे हो गया।

तीसरे क्वार्टर में दोनों टीम को पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वह उनका नहीं उठा पाए। ब्रिटेन ने चौथे क्वार्टर के शुरू में रॉयडेन के गोल की मदद से वापसी की कोशिश की। भारत को 50वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। फॉर्म में चल रहे ड्रैगफ्लिकर शारदा नंद ने मौका नहीं गंवाया और गोल कर दिया। इसके कुछ सेकेंड बाद दिलराज ने मैदानी गोल करके स्कोर 6-3 से भारत के पक्ष में कर दिया। रॉयडेन ने 59वें मिनट में अपना दूसरा और ब्रिटेन की तरफ से चौथा गोल किया लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। भारत ने लगातार दूसरा मैच जीत पर तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।

## चोट के कारण बिली जीन किंग कप फाइनल में नहीं खेल पाएंगी नाओमी ओसाका

**टोक्यो, एजेंसी।** चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने कहा है कि वह अगले महीने स्पेन में होने वाले बिली जीन किंग कप के फाइनल्स में चोट की वजह से हिस्सा नहीं लेंगी।



ओसाका ने कहा, मैंने इस साल बहुत से टूर्नामेंट खेले हैं, इसलिए यह मेरे लिए एक बहुत मुश्किल फैसला था कि मैं इस टूर्नामेंट और बिली जीन किंग कप में हिस्सा नहीं लूंगी। उन्होंने कहा, मुझे इस टूर्नामेंट में खेलकर बहुत मजा आया और इसने मुझे एक खिलाड़ी के रूप में बेहतर बनने में मदद की। अक्टूबर में, 58वीं रैंक की ओसाका ने चीन ओपन के दौरान कोको गॉफ के खिलाफ मैच में अपनी पीठ में चोट लगा ली थी और मैच से रिटायर हो गईं।

इसके बाद, उन्होंने जापान के दो टूर्नामेंट्स से नाम वापस ले लिया, जिनमें सोमवार से शुरू होने वाला पैन पैसिफिक ओपन भी शामिल है।

# मां बनने के बाद हुआ खत्म दीपिका का 6 साल का इंतजार



**वर्ल्ड कप में लगाया पेरिस ओलंपिक के जख्मों पर मरहम**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जब भी कोई औरत मां बनती है तो अकसर लोगों को लगने लगता है कि उसका करियर खत्म हो गया है। चाहे वह कोई एक्ट्रेस हो, कोई बिजनेसवुमेन हो या फिर खिलाड़ी हो। हालांकि भारत की तीरंदाज दीपिका ने यह साबित किया की मां बनना जिंदगी में एक अल्पविराम तो हो सकता है लेकिन पूर्णविराम नहीं है। मां बनने से जिंदगी में सफलता हासिल करने की हिम्मत और बढ़ जाती है और प्रेरणा मिलती है। इसी हिम्मत और प्रेरणा के दम पर दीपिका ने वह कर दिखाया जो पेरिस ओलंपिक में नहीं कर पाईं।

**दीपिका ने जीता मेडल**

दीपिका ने रविवार देर रात को तीरंदाजी वर्ल्ड कप में सिल्वर मेडल जीता। दीपिका को फाइनल में चीन की लि जियामान के हाथों मिली लेकिन वह सिल्वर अपने नमा करने में कामयाब रही। इससे पहले सेमीफाइनल में उन्होंने मेक्सिको की टोक्यो ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट अलेजेंड्रा वेलेंसिया को 6-4 से मात दी थी। वहीं क्वार्टर फाइनल में में चीन की यैंग को 6-0 से मात दी थी।

**बेटी के जन्म के 15 दिन बाद ट्रेनिंग करने लगी थीं दीपिका**

दीपिका ने आर्चरी वर्ल्ड कप में पिछला मेडल साल 2018 में जीता था। इसके बाद से दीपिका संघर्ष कर रही थीं। उन्हें किसी भी वर्ल्ड कप में कोई मेडल नहीं मिला। हालांकि दो साल पहले दीपिका मां बनी और अब मेडल का उनका छह साल का इंतजार खत्म हो गया। दीपिका ने इस टूर्नामेंट में छठा मेडल हासिल किया। दीपिका ने दिखाया कि मां बनना उनकी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत है और वह देश के लिए मेडल जीतने क लिए प्रतिबद्ध हैं। पेरिस ओलंपिक के ट्रायल्स में हिस्सा लेने के लिए दीपिका ने बेटी के जन्म के 15 दिन बाद ही ट्रेनिंग शुरू कर दी थी।

**पेरिस में हाथ लगी थी निराशा**

भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक में सफलता नहीं मिली थी।

# पुलिस द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद परेड का किया गया आयोजन



**पन्ना।** पुलिस लाईन पन्ना के पुलिस शहीद स्मारक में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद परेड का आयोजन किया गया । इस अवसर पर ऐसे वीर शहीदों को याद किया जाकर सम्मानित किया गया जिन्होंने कर्त्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर किये है । इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला एवं सत्र न्यायाधीश पन्ना माननीय श्री राजाराम भारतीय, गुनौर विधायक श्री राजेश वर्मा, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस थोटा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय, क्षेत्रीय संचालक राष्ट्रीय उद्यान पन्ना श्रीमती अंजना तिर्की, डीएफओ उत्तर जिला पन्ना श्री गर्वित गंगवार, डीएफओ दक्षिण जिला पन्ना श्री अनुपम शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला पन्ना श्रीमती आरती सिंह, एस.डी.एम. पन्ना श्री संजय नागवंशी, अनु0 अधिकारी पुलिस अजयगढ़ श्री राजीव भदौरिया, अनु0 अधि0 पुलिस पवई श्री सौरभ रत्नाकर, अनु0 अधिकारी पुलिस गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार, सेनानी होमगार्ड श्री एस.बी. पाण्डेय एवं थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर, प्रभारी सायवर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा दिनांक 01/09/2023 से आज दिनांक 21/10/24 तक म.प्र. में शहीद हुये 23 पुलिस अधि0/कर्मचारियों सहित उक्त अवधि में सम्पूर्ण भारत देश में शहीद हुये 216 पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों के नामो का वाचन किया जाकर उनकी शहादत को सलामी दी गई । शहीद दिवस परेड का संचालन परेड कमाडंर रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर हमराह सूबेदार संजय सिंह जादौन के द्वारा किया गया, परेड के दौरान पुलिस के 02 प्लाटूनो द्वारा प्लाटून कमांडर उप निरीक्षक रतिराम प्रजापति एवं सउनि मुनीर बेग के नेतृत्व में समस्त वीर शहीदों को सलामी दी जाकर उनको याद किया गया । भारत में हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है । यह दिन उन बहादुर पुलिसकर्मियों को याद करने और सम्मान देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने कर्तव्य की पंक्ति में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए । पुलिस स्मृति दिवस 1959 में उस दिन की याद दिलाता है, जब लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सैनिकों द्वारा बीस भारतीय सैनिकों पर हमला किया गया था, जिसमें दस भारतीय सैनिकों की जान चली गई थी और सात कैद हो गए थे । उस दिन से, शहीदों के सम्मान में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

शहीद दिवस परेड के दौरान प्राचार्य प्रमोद अवस्थी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से डॉ. निधि राय जिला खेल प्रशिक्षक ग्रेड-1, श्री राहुल गुर्जर जिला खेल प्रशिक्षक ग्रेड -1,श्री धीरज कुमार वर्मा सहायक ग्रेड 3, श्री प्रकाश कुमार अहिरवार, मलखम्ब प्रशिक्षक श्री राजा भैया कारपेंटर युवा समन्वयक पन्ना, एन सी सी सीनियर, एनसीसी जूनियर, मनहर स्कूल एवं अन्य स्कूलों के बच्चों सहित करीब 400 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## कीट के प्रकोप से धान की फसल खराब एवं किसान परेशान

**पन्ना।** कृषि क्षेत्र नित नई आधुनिक तकनीक और खाद बीज तथा कीटनाशकों से गुलजार हैं। लेकिन हाल ही एक कीट के चलते तेजी से नष्ट हो रहीं फसलों का मामला सामने आने बाद कृषि के नाम पर फैले बाजार और ज्ञान विज्ञान पर भी प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इसी माह पन्ना जिले की रैपुरा तहसील से शुरू हुआ कीटों का प्रकोप ने तेजी से शाहनगर क्षेत्र में भी दस्तक दी है जिसके बाद अच्छी उपज की तैयारी में जुट किसानों के होश उड़ गए हैं। अचानक कीट के प्रकोप से पीड़ित किसानों के बीच फसल बीमा का महत्व बढ़ा है लेकिन कृषि विभाग की निष्क्रिय कार्यशैली के चलते किसान स्वयं को ठगा अनुभव कर रहे हैं। कीट प्रकोप के मामले पर शासन-प्रशासन की चुप्पी के चलते किसानों नै बड़ी संख्या में तहसील मुख्यालय पहुंचे और नष्ट हुई फसलों को लेकर प्रदर्शन किया है साथ ही मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर राहत सहायता की मांग की गई है। किसानों के प्रदर्शन के बीच तहसील प्रशासन भी हरकत में आया है और फसल हानि के सर्वे की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

## ग्राम चांपा में उगाई जा रही हैं ऑर्गेनिक तथा हाइड्रोपोनिक्स तरीके से सब्जियाँ




**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर के अंतर्गत ग्राम चांपा में किसान शशेंद्र सोनी ( सोनू )द्वारा ऑर्गेनिक तथा हाइड्रोपोनिक्स तरीके से खेती की जा रही है और सब्जियों को उगाया जा रहा है तथा मार्केट में बेचने की तैयारी चल रही है इसी को देखने आज मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी अभिषेक जैन द्वारा तथा पत्रकार प्रशांत जैन द्वारा उनकी ऑर्गेनिक खेती और हाइड्रोपोनिक्स प्लांट का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में देखा कि शशेंद्र सोनी (सोनू) द्वारा ऑर्गेनिक तरीके से अच्छी खेती की जा रही है डॉक्टर जैन द्वारा बताया गया कि आजकल जो बीमारियां हो रही है जैसे कैंसर डायबिटीज हाइपरटेंशन किडनी का फेल होना लीवर का फेल होना इसका मुख्य कारण कहीं ना कहीं कीटनाशक अनाज का तथा सब्जियों का उपयोग करना है जिसके कारण से इस तरह की गंभीर बीमारियां हो रही हैं इसको रोकने के लिए हमें अपने जीवन में ऑर्गेनिक खेती को अपनाना पड़ेगा ताकि हम सभी स्वस्थ रह सके तथा इस तरह की खेती से पर्यावरण शुद्ध रहता है मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है तथा सब्जियों और अनाज की पोषक गुणवत्ता भी अच्छी होती है हमारे नगर में इस प्रकार की खेती होना एक अच्छी शुरुआत है और यह एक सराहनीय कार्य है इस तरह की खेती को हम सभी को बढ़ावा देना चाहिए और मार्केट में इसी प्रकार की सब्जियां और अनाज का बढ़ावा देना चाहिए ताकि हम सभी लोग स्वस्थ रह सके और किसान भाइयों को भी लाभ हो सके। आजकल, खाद्य-उत्पादन तकनीक कीटनाशकों और रसायनों पर बहुत अधिक निर्भर करती है, जो पानी और मिट्टी पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। जल और मृदा प्रदूषण, साथ ही ऊपरी मिट्टी की बड़े पैमाने पर कमी, जलवायु परिवर्तन को गति देती है। इससे संबंधित घटनाएँ भूमि की फसल उगाने की क्षमता को प्रभावित कर रही हैं, जिससे दुनिया भर में खाद्यान्न की कमी हो रही है। हाल के वर्षों में, कृषि पद्धतियों में स्थायी खाद्य-उत्पादन विधियों की ओर एक बड़ा बदलाव देखा गया है, जिसमें पर्माकल्चर, फसल चक्रण, पॉलीकल्चर और हाइड्रोपोनिक खेती शामिल है। हम उत्तरार्द्ध पर एक नज़र डालते हैं और इसके संभावित लाभों और नुकसानों का विश्लेषण करते हैं। ग्रीक शब्द ''हाइड्रो'' (पानी) और ''पोनोस'' (श्रम) से मिलकर बना हाइड्रोपोनिक्स का शाब्दिक अर्थ है ''पानी पर काम करना''। यह शब्द मूलत: मिट्टी के बिना फसल उगाने की विधि को संदर्भित करता है। यह विरोधाभासी लग सकता है क्योंकि पौधे अपनी वृद्धि के लिए आवश्यक पोषक तत्व मिट्टी से प्राप्त करते हैं, जिसके बिना वे संभवत: मर सकते हैं। हालाँकि, हाइड्रोपोनिक पौधों को पानी के घोल माध्यम से सभी आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, इसलिए मिट्टी की उपस्थिति उनके अस्तित्व के लिए अनावश्यक हो जाती है। हाइड्रोपोनिक खेती का एक बड़ा लाभ यह है कि इस पद्धति का इस्तेमाल छोटे और बड़े दोनों तरह के क्षेत्रों में किया जा सकता है।

## पवई वितरण में अस्थाई कनेक्शन चेकिंग अभियान के तहत 13 आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज



**पन्ना।** शासकीय आदेश/वरिष्ठ अधिकारी महोदय के निर्देश के बाद पवई वितरण केंद्र अंतर्गत प्रभारी अधिकारी सतीश कुमार सैनी सहित वितरण केंद्र के सभी कर्मचारियों (सहायक लाइन मैन राम पाल बागरी, मीटर रीडर पुनीत मिश्रा, राजेश पटेल और लाइन हेल्पर शिव शंकर शर्मा एवं भूपेंद्र पटेल, ड्राइवर गोविन्द वर्मन) द्वारा ग्रामीण अंचल मे कूपना और कैथी मे बिना रसीद जमा करवाये हुए अस्थायी कृषि पंपो की चेकिंग की गई। जिसमें कूपना और कैथी ग्रामों के कृषि खेतों मे चोरी से बिना रसीद जमा किये उपभोक्ताओं के विरुद्ध छापा मार कार्यवाही कर विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत धारा 135 के तहत 13 प्रकरण पंजीबद किए गए। इसलिए समस्त उपभोक्ताओं को सुचना और निवेदन किया जाता है की बगैर ज्ब् कनेक्शन और वैलिड कनेक्शन के कृषि मोटर उपयोग ना करें, अन्यथा कृषि संयन्त्र को जब्ती के साथ साथ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 के तहत कार्यवाही होंगीं, चालान और जुर्माना कार्यवाही के बाद पुलिस प्रशासन और विशेष कोर्ट मे न्यायालयीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होंगीं। अत: अप्रिय कार्यवाही से बचे। जो जब की राशि या बिजली बिल की राशि जमा होंगीं, वे मध्य प्रदेश के राजस्व खजाना मे संग्रहित होंगीं और उस राजस्व खजाना से मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजना के सफल क्रियान्वयन मे सहायक सिद्ध होंगीं। अत: सेवा शुल्क के रूप मे देयक बकाया बिजली बिल जमा करें और उचित कनेक्शन लेकर विद्युत का उपयोग करें। विधुत का बचत ही विद्युत का उत्पादन है। आपकी सेवा मे विद्युत पवई टीम सदैव तत्पर है।

# ग्रे-वाटर प्रबंधन पर प्रशिक्षण संपन्न

### ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति ने लिया ग्रे-वाटर प्रबंधन का संकल्प





**पन्ना।** ग्राम पंचायत शाहपुरा जनपद अजयगढ़ में समर्थन संस्था ने रिलायंस फाउन्डेसन के सहयोग से ग्रे-वाटर प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया एवं ग्राम में जाकर फील्ड में गेवाटर की स्थिति पर चर्चा की। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिध प्रशिक्षण में शामिल रहे। सरपंच महेन्द्र कुमार दीक्षित ने कहा की हम अपने गांव का साफ स्वच्छ करना चाहते है, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं सामुदाय के सहयोग से ये संभव है ,हम जल्दी ही टीम बनाकर सप्ताहिक अभियान एवं मशाल जलाकर गांव का उज्जव साफ करने में जागयक करेगे। समिति की विद्वावती, क्लाईमेंट चौम्पियन सीमापाल, कमलाकोरी, शिवपाल, दयाराम, पंचायत मित्र सोनू खरे ने अभियान चलाने एवं ग्रेवाटर प्रबंधन का संकल्प लिया। ग्रे-वाटर प्रबंधन की आवश्यकता-प्रशिक्षण उपरांन्त समिति सदस्यो ने ग्राम का भ्रमण कर हैन्डपम्प एवं नाली से निकल रहे पानी का प्रबंधन करना आवश्यक वताया पूरा पानी रून्ज नदी में जा रहा जहा पर लोग नहाते है। समिति के अध्यक्ष एवं सरपंच महेन्द्र दीक्षित ने कहा की जल्द ही इस मुददे पर काम किया जायेगा। स्वच्छ भारत मिशन की जिला टीम से योगेश सिंह एवं जायन्ती अहिरवार ने गे-वाटर पर पूरा सहयोग करने की वात कही। ग्रे-वाटर पर प्रशिक्षण दे रहे ज्ञानेन्द्र तिवारी ने कहा की जिले में पल्थरा गांव एक मांडल है उसकी फिल्म दिखाई गई तो ग्रमीणो ने कहा हमारे गांव में भी ऐसा ही बनना चाहिये। हम भी अपने गांव को साफ सुधरा रखना चाहता हूँ। संस्था के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक विश्वराज ने कहा की पंचायत अपने आप में सरकार है वहां अपने टैक्स लगाकर छोटे-छोटे काम करवा सकती है। गांव साफ सुथरा रहेगा तो वीमारी नही होगी। कार्यक्रम में लखनलाल शर्मा एवं कौशलेन्द्र सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

# समिति प्रबंधक एवं विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी

**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर रामनिवास चौधरी द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कचनारा द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान बंधौरा के सहायक समिति प्रबंधक एवं विक्रेता विद्याचरण मिश्रा को वर्तमान अक्टूबर माह में लक्ष्य अनुरूप कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गुनौर द्वारा इस संबंध में एईपीडीएस पोर्टल की ऑनलाइन वितरण रिपोर्ट सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया था कि बंधौरा दुकान में 432 कार्डधारी संलग्न हैं, लेकिन 17 अक्टूबर तक मात्र 199 कार्डधारियों को ही खाद्यान्न का वितरण किया गया है, जबकि 233 परिवार अभी भी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित हैं। माह की प्रथम तारीख से ही खाद्यान्न वितरण करने का प्रावधान है। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार अब माह की 4, 5 एवं 6 तारीख को अन्न उत्सव आयोजित कर नोडल अधिकारी के समक्ष शत प्रतिशत राशन वितरण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद सहायक समिति प्रबंधक एवं विक्रेता द्वारा समय पर राशन वितरण न करने का उक्त कृत्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 11 एवं 18 का उल्लंघन है और धारा 16 के तहत दण्डनीय अपराध है। अत: संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया है कि क्यों न आपको वितरण कार्य से पृथक करने के लिए आपकी संस्था को प्रस्ताव भेजा जाए। नोटिस में संस्था द्वारा दुकान के लिए जमा प्रतिभूति राशि राजसात करने, दुकान को जारी प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त करने तथा अभियोजन की कार्यवाही के संबंध में भी संबंधित से 23 अक्टूबर को अपरान्ह 2 बजे समक्ष में उपस्थित होकर जबाव चाहा गया है अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कठवरिया द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान माल्हन के समिति प्रबंधक रामभुवन पाठक एवं विक्रेता विकास द्विवेदी को भी नोटिस जारी कर निर्धारित समयावधि में जवाब चाहा गया है। एसडीएम द्वारा दुकान से संबद्ध पात्र हितग्राहियों को सुगमतापूर्वक खाद्यान्न वितरण के लिए बंधौरा एवं माल्हन उचित मूल्य दुकान को निलंबित कर आगामी आदेश पर्यंत अन्य दुकान से संबद्ध किया गया है। बंधौरा दुकान के कार्डधारी छिजौरा तथा माल्हन दुकान के कार्डधारी छपरवारा दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे।

# पुलिस ने अवैध शराब बनाने व बेचने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, 120 लीटर कच्ची महुआ की शराब जप्त

**देवेंद्रनगर।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के अवैध निर्माण परिवहन एवं बिक्री हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री एस.पी.सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया जाकर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरुप दिनांक 19/10/2024 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड क्र.04 कंजडाना मोहल्ला देवेन्द्रनगर में दो व्यक्ति अपने अपने घरों में अवैध रूप से महुआ की कच्ची शराब बनाकर विक्री हेतु रखे हुए है मुखबिर की सूचना कीतस्दीक व रेड कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा दो अलग अलग टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से 60 लीटर कच्ची महुआ की शराब व 250 कि.ग्रा. महुआ लहान एवं शराब बनाने की सामग्री बरामद की गई। उक्त शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुध्द अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द किया गया। दूसरी पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से 60 लीटर कच्ची महुआ की शराब व 750 कि.ग्रा. महुआ लहान एवं शराब बनाने की सामग्री बरामद की गई। उक्त शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुध्द अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द किया गया।मामले में आरोपीगणों को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई हैं।

गिरफ्तार आरोपीगण - 1. प्रशान्त सिसोदिया पिता स्व. रावेन्द्र सिसोदिया उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्र.04 देवेन्द्रनगर थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र. 2. केतन सिसोदिया पिता बद्रीप्रसाद सिसोदिया उम्र 37 साल निवासी वार्ड क्र.04 कंजडाना मोहल्ला देवेन्द्रनगर थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र.।

# प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में युवा उत्सव का भव्य आयोजन

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ एसपीएस परमार के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में युवा उत्सव के द्वितीय दिवस गायन, नृत्य तथा प्रश्नमंच विधाओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. परमार ने विद्यार्थियों को उत्साह के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि युवा देश का भविष्य है। देश की सांस्कृतिक विविधता को आगे बढ़ाना और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तय करना आवश्यक है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी. मिश्रा तथा महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. उमा त्रिपाठी के विशेष आतिथ्य में युवा उत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियां संपन्न कराई गई। एकल शास्त्रीय नृत्य में शालिनी रजक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रश्नमंच में सुमित सुमित द्विवेदी, साइना खान तथा सृष्टि सोनी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल शास्त्रीय गायन में पुष्पेंद्र करी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल गायन सुगम में सोनल सुनकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकलवादन परकुशन में डालचंद कोरी जबकि एकलवादन नॉन परकुशन में पुष्पेंद्र कोरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ उपरोक्त गतिविधियों में सहभागिता की। प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस समस्त प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन युवा उत्सव प्रभारी डॉ धरमू प्रसाद कुशवाहा, डॉ मयंक सिंह, डॉ सचिन गोयल, डॉ अंकित सोनी, डॉ श्वेता ताम्रकार, डॉ पुष्पराज सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ सिद्धू सिंह, श्रीमती समीक्षा सिसोदिया, डॉ.बी.एन. जायसवाल, डॉ आनंद चौरसिया, डॉ कविता परवंदा, डॉ रजनीश चौरसिया, डॉ राम मोहन तिवारी, डॉ नंद कुमार पटेल, डॉ सत्य प्रकाश बैरईया, डॉ पीयूष शर्मा, डॉ अरविंद निषाद, डॉ अनुराधा चौरसिया, डॉ पुष्पराज चौरसिया, डॉ अरविंद मंडेलिया आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## अवैध विस्फोटक पदार्थ का भंडारण एवं विक्रय करने वाले 02 आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर की गई कार्यवाही




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध विस्फोटक पदार्थों के परिवहन, ब्रिकय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 19/10/24 को पुलिस अधीक्षक पन्ना को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कस्बा सलेहा में 01 व्यक्ति अपनी कपड़ा की दुकान की उपरी मंजिल मे एवं एक अन्य व्यक्ति चौधरी मोहल्ला सलेहा मे अपने मकान मे अवैध विस्फोटक पदार्थ (पटाखा) का विक्रय हेतु भारी मात्रा मे भंडारण किये हुये हैं। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अनुविभागीय अधिकारी गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन मे सलेहा थाना प्रभारी उनि. अनिल सिंह राजपूत के तेतृत्व मे सायबर सेल टीम पन्ना को शामिल करते हुये 02 पुलिस टीमो का गठन किया जाकर उचित कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार दोनो पुलिस टीमो द्वारा मुखबिर के बताये अलगदृअलग स्थानो मे मुखबिर सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीमो द्वारा मुखविर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई जहां एक व्यक्ति अपने कपड़े की दुकान की उपरी मंजिल मे बने कमरे मे अवैध रूप से अवैध विस्फोटक सामग्री (पटाखा) भारी मात्रा विक्रय हेतु बोरियो एवं कार्टून मे भरे रखे पाया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम नागेन्द्र कुमार जैन पिता कस्तूरचंद्र जैन उम्र 54 साल निवासी सलेहा का होना बताया एवं पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति के कब्जे में रखे एवं बोरियो एवं कार्टून को खोलकर देखा गया तो विभिन्न प्रकार के विस्फोटक सामग्री (पटाखा) पाई गई। इसी प्रकार चौधरी मोहल्ला मे एक अन्य व्यक्ति अपने मकान मे अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री (पटाखा) भारी मात्रा बोरियो एवं कार्टून मे भरे रखे पाया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम लल्लू वर्मा पिता तम्मा वर्मा उम्र 45 साल निवासी चौधरी मोहल्ला ग्राम कराकर थाना सलेहा बताया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति के कब्जे में रखे कार्टून एवं प्लास्टिक की बोरियो को खोलकर देखा गया तो विभिन्न प्रकार के विस्फोटक सामग्री (पटाखा) पाई गई। पुलिस टीम द्वारा दोनो आरोपियों के कब्जे से करीब 06 लाख 70 हजार रूपये डत्च् प्राइस (बाजार मूल्य) की अवैध विस्फोटक सामग्री (पटाखो) को जप्त किया जाकर थाना सलेहा में दोनो आरोपियों के विरूद्ध अलग-अलग अप.क्र. 267/24 एवं अप.क्र. 268/24 धारा 5, 9-ठ विस्फोटक अधिनियम के कायम किये जाकर वैधानिक कार्यवाही की गई है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि. अनिल सिंह राजपूत, उनि. जेपी अहिरवार ,सउनि पर्वत सिंह,प्र.आर. रावेन्द्र पाण्डेय,राजेश प्रजापती, अनिल बागरी महिला प्र.आर. तेजवती, आर0, राजकरण, अंकित, जितेंद्र, अवनीश,अमित, अजय, आर. चालक पुष्पेन्द्र जाट एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024 | 8


कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा रिस्पांसिबल टूरिज्म की थीम पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।




## प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें : कलेक्टर

रीवा

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के तैयारियों की समीक्षा की। प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से रीवा संभाग के सभी जिलों को औद्योगिक विकास के अवसर मिलेंगे। इसमें कई बड़े उद्योगपति और निवेशक शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री जी सभी बड़े उद्योगपतियों से क्षेत्र में औद्योगिक निवेश के लिए संवाद करेंगे। कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में 23 अक्टूबर को प्रातः 9.30 बजे से यह कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों तथा औद्योगिक संस्थानों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जा रही है। उद्घाटन समारोह आडिटोरियम के मुख्य हाल में आयोजित किया जा रहा है। उद्योगपतियों से चर्चा



करने के लिए पृथक से कक्ष बनाए गए हैं। कार्यक्रम स्थल में पत्रकारों के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अधिकारी तैनात किए गए हैं। सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना कार्य करें। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी सतत संवाद करके समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी परिसर में आने के बाद कार्यक्रम समाप्त होने पर ही कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम से बाहर जाएंगे। मुख्य समारोह में प्रवेश के लिए उद्योगपतियों को प्रवेश पत्र दिए गए हैं। मुख्यमंत्री जी के लाउंज में केवल उन्हीं उद्यमियों को प्रवेश दिया जाएगा जिनसे वन टू वन चर्चा की जानी है। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री जी मीडिया सेंटर में पत्रकारों से कार्यक्रम के संबंध में चर्चा करेंगे। वाहनों की पार्किंग के लिए टीआरएस कालेज परिसर में व्यवस्था की गई है। पार्किंग स्थल से ई रिक्शा से कार्यक्रम स्थल तक ले जाने की व्यवस्था की गई है। बैठक में एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक सुमित शाह ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सात प्रमुख स्थानों में एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं जिनमें मुख्य कार्यक्रमों का लगातार प्रसारण होता रहेगा। कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए उद्यमियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। व्यवस्थाओं में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अलग-अलग रंग के पास दिए गए हैं। कार्यक्रम स्थल में दो बड़े सेमिनार हाल बनाए गए हैं। इनमें कुटीर उद्योग, कृषि पर आधारित उद्योगों, खनिज आधारित उद्योगों आदि की स्थापना के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा।

श्री शाह ने बताया कि कार्यक्रम में भोजन की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा भोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। भोजन में विशेष रूप से बघेली व्यंजनों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम स्थल में विशेष रूप से बनाए गए मंच पर बघेली लोकरंग का स्थानीय कलाकारों द्वारा लगातार प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें बघेली गीत और लोकनृत्य शामिल होंगे। पत्रकारों के लिए कार्यक्रम स्थल में मीडिया सेंटर बनाया गया है। इसमें संचार की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। श्री शाह ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, वाहनों की पार्किंग, साफ-सफाई व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, सभी एसडीएम, एसडीओपी, टीआई तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों का लिया जायजा

**रीवा।** रीवा में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री राघवेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम स्थल कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रमुख सचिव ने कहा कि रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का पहली बार आयोजन हो रहा है। कई बड़े उद्योगपति और निवेशक इसमें शामिल होने के लिए रीवा आ रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीन हजार से अधिक छोटे बड़े उद्योगपतियों तथा उद्यमियों ने पंजीयन कराया है। इनके स्वागत में कोई कोर कसर न रखें। मुख्यमंत्री जी उद्घाटन समारोह के बाद प्रमुख उद्योगपतियों से वन टू वन संवाद करेंगे।



प्रमुख सचिव ने कहा कि कार्यक्रम स्थल में उद्घाटन समारोह ऑडिटोरियम के मुख्य हाल में होगा। इसके साथ-साथ परिसर में विभिन्न विभागों तथा प्रमुख उद्योगों की प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। पत्रकारों के लिए सभी सुविधाओं से युक्त मीडिया सेंटर बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए तैनात अधिकारी पूरी जिम्मेदारी से अपना कार्य करें। प्रमुख सचिव ने कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, साज-सज्जा तथा वाहनों की पार्किंग के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी श्री चन्द्रमौलि शुक्ला, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर डीआईजी एसपी पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईटीआई में अप्रेंटिशिप ड्राइव 23 अक्टूबर को

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा में 23 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से अप्रेंटिशिप ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि अप्रेंटिशिप ड्राइव में जिंदल सा लिमिटेड कच्छ गुजरात द्वारा पात्र युवाओं का चयन किया जाएगा। रोजगार का अवसर पाने के लिए आईटीआई के फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, ड्राफ्ट्समैन (मेक) तथा मशीनिस्ट एवं टर्नर व्यवसाय के लिए पात्र युवा आवेदन कर सकते हैं। चयनित होने पर युवाओं को 11 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। पात्र युवाओं का चयन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए पात्र युवाओं की आयु 18 से 25 वर्ष होनी चाहिए। वर्ष 2023 और 2024 में शासकीय आईटीआई से उत्तीर्ण विद्यार्थी विद्यार्थी प्लेसमेंट में शामिल होने के पात्र हैं।

## ग्रामीण चिकित्सकीय सेवाओं को सशक्त करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : शुक्ल

### सीएचसी के सुदृढ़ीकरण के दिये निर्देश

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का सुदृढ़ीकरण कर फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) के रूप में विकसित करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में पदोन्नति की प्रक्रिया की समीक्षा की और नियमों के अनुसार प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्तापूर्ण



प्रदाय के लिए चिकित्सकीय मैनपॉवर का मनोबल और उत्साहवर्धन अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में विभिन्न विभागीय विषयों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए।

ग्रामीण क्षेत्रों में रेडियोलॉजिस्ट सेवा प्रदाय व्यवस्था की करें व्यवस्था -उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आईपीएचएस मानकों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रशासनिक औपचारिकताओं की पूर्ति में कमी से प्रक्रिया में व्यवधान न आये यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने और मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर में सुधार के उद्देश्य से सोनोलॉजिस्ट की उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में सोनोलॉजिस्ट (रेडियोग्राफर) की सेवा के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया के लिए तकनीकी समस्याओं का निदान कर प्रक्रिया पूर्ण की जाये।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी प्रदाय और प्रबंधन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग महत्वपूर्ण है। डिजिटल हस्तक्षेपों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के कुशल प्रबंधन के लिए एचआरएमएस और एचएमआईएस के त्वरित क्रियान्वयन के लिये आवश्यक कार्यवाही करने के उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी उपस्थित थे।

## पेंशन प्रकरणों का 30 अक्टूबर तक निराकरण करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों तथा कार्यालय प्रमुखों को लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सभी अधिकारी लंबित पेंशन प्रकरणों की आपत्तियों और कमियों को दूर कर 30 अक्टूबर तक प्रकरणों का निराकरण कराएं। जो अधिकारी और कर्मचारी 30 सितम्बर 2024 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए हैं उन सभी के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। इन प्रकरणों को स्वीकृत कराकर संबंधित शासकीय सेवक को पीपीओ जारी कराएं।

कमिश्नर ने कहा है कि लंबित पेंशन प्रकरणों की जानकारी लेकर पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करें। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण सेवानिवृत्त दिवस से तीन माह पूर्व साफ्टवेयर में ऑनलाइन दर्ज कराएं। विभागीय जाँच तथा अन्य कमियों के कारण लंबित पेंशन प्रकरणों का भी निराकरण कराएं। समय सीमा में पेंशन प्रकरण का निराकरण न होने पर संबंधित कार्यालय प्रमुख और प्रभारी पेंशन लिपिक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## पर्यटन विकास निगम आयोजित करेगा प्रदर्शनी

रीवा

रीवा में कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा रिस्पांसिबल टूरिज्म की थीम पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रीवा जिले में पर्यटन की संभावनाओं तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे नवाचारों को दिखाया जाएगा। प्रदर्शनी में ग्रामीण पर्यटन, होम स्टे, रीवा जिले के जल प्रपातों तथा अन्य पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## प्रभारी अधिकारी नवगठित जिलों में अनिवार्य रूप से दो दिन दौरा करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा है कि संभाग में मऊगंज और मैहर दो नए जिले गठित किए गए हैं। इन जिलों में जब तक सभी विभागों के कार्यालयों की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक मऊगंज में रीवा जिले के प्रभारी अधिकारी तथा मैहर में सतना जिले के अधिकारी विभागीय कार्यों की जिम्मेदारी उठा रहे हैं।

## ननि द्वारा शहर से हटाया गया अतिक्रमण

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार जारी है। दिनांक 21.10.2024 को जोन क्र. 02 सिरमौर चौराहा एवं जोन क्र. 3 अंतर्गत कुछ दुकानदारो द्वारा सड़क पटरी में अतिक्रमण कर व्यापार किये जाने के कारण आवागमन बाधित हो रहा था जिस पर अतिक्रमण प्रभारी द्वारा दुकानदारो के ऊपर रू. 6000 की चालानी कार्यवाही करते हुये समझाइस दी गई कि पुनरावृत्ति किये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। साथ ही जय स्तंभ, धोबिया टंकी से बिछिया अस्पताल तक एवं शहर के अन्य प्रमुख मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

## धर्म परिवार सार्वजनिक दीपोत्सव में करेगा छः व्यक्तियों का सम्मान, धर्म संस्कृति नारी शक्ति क्षेत्र के प्रेरको का होगा अलंकरण

रीवा

हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार के आगामी 10-11 नवम्बर को नगर के हृदय स्थल पदमधर पार्क में लगातार 26वें वर्ष में आयोजित होने वाले सार्वजनिक दीपोत्सव 2024 में विध्य क्षेत्र के छः ऐसे व्यक्तित्वों को उपाधि अलंकरण के साथ सम्मान करेगा जिन्होने विंध्य क्षेत्र में धर्म संस्कृति के उत्थान में अपनी महती भूमिका निभाई है। इसके साथ नारी शक्ति का परिचय देने वाली जुझारू महिला को भी इसमें शामिल किया गया है। धर्मपरिवार के संस्थापक आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी एवं संरक्षक सुनील अग्रवाल के दिये गये प्रस्ताव एवं अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू की अनुशंसा पर सम्मानित होने वाले लोगो की सूची जारी की जा रही है जिनका 10 नवम्बर को एनके होण्डा एजेन्सी के सौजान्य से शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र के साथ सार्वजनिक उपाधि अलंकरण किया जायेगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक द्वय युवा अध्यक्ष सुमित माँजवानी एवं नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा एड. ने दी है। ज्ञातव्य है कि विगत 25 वर्षो में धर्मपरिवार ने विभिन्न क्षेत्रो में उल्लेखनीय कार्य करने वाली लगभग 150 विभूतियों का सम्मान अब तक किया जा चुका है जिसकी नगर वासियों ने सदैव सराहना की है। इस वर्ष धर्म प्रेरणा श्री 2024 का अलंकरण एवं सम्मान मानस मंडल एवं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय, संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ0 राहुल मिश्रा, नगर विजय दशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रकाश तरानी, विध्नहर्ता सेवा समिति के अध्यक्ष कमलेश्वर द्विवेदी को धर्म प्रेरणा श्री सम्मान 2024 उनके उल्लेखनीय धार्मिक योगदान के लिये प्रदान किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति को स्थापित करने के निरंतर प्रयास करने के लिये प्रांतीय कलाकार संघ के अध्यक्ष राजीव शुक्ला विध्य संस्कृति प्रेरणा श्री 2024 सम्मान के साथ नारी जागृति क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली विदुषी कर्मठ कवियित्री एवं प्रसिद्ध उद्घोषिका मंच संचालिका डॉ0 आरती तिवारी को नारी शक्ति शारदा सम्मान 2024 प्रदान किया जा रहा है। धर्म परिवार के उपाध्यक्ष रामसखा यादव, महासचिव सुरेश विश्नोई, सांस्कृतिक सचिव राजीव वर्मा गुड्डू, कोषाध्यक्ष प्रकाश तोमर एड0, युवा संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, संयोजक रामकृष्ण अग्रवाल, महिला संरक्षक संतोषी गुप्ता, महासचिव युवा शाखा अंशुमान गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश साहू नगर उपाध्यक्ष मनीष साहू एवं राकेश आसवानी राकी ने हर्ष व्यक्त किया है।

## स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं और कार्यों का तेज गति से क्रियान्वयन आवश्यक : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सहज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सशक्त-आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को मूर्त रूप देने, स्वस्थ मध्यप्रदेश के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और अधोसंरचनाओं को निरंतर सुदृढ़ करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इन कार्यों के तेज गति से क्रियान्वयन के लिए विभागीय समन्वय आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन से विभिन्न अंतर्विभागीय समन्वय विषयों पर गहन चर्चा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के प्रमुख विषयों पर तेजी से कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित करें, ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके। प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी और प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने 454 चिकित्सकीय संस्थानों में पदों की स्वीकृति के साथ ही, मेडिकल कॉलेजों में वेतन संरक्षण (पे-प्रोटेक्शन) के प्रस्ताव को प्राथमिकता देने के लिए कार्यवाही और समन्वय करने के निर्देश दिये। पैरामेडिकल कौंसिल से संबंधित अधिनियम को पुनः पूर्ववत करने के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया गया। सामुदायिक केंद्रों और सिविल अस्पतालों के संचालन को आउटसोर्स आधार पर अनुमति देने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई, ताकि इसे शीघ्र ही अमल में लाया जाकर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त किया जा सके। सहायक प्राध्यापक (मेडिकल कॉलेज) के पदों पर भर्ती की आयु सीमा को 40 वर्ष से 50 वर्ष किये जाने पर दिया ज़ोर

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सहायक प्राध्यापक (मेडिकल कॉलेज) के पदों पर भर्ती की आयु सीमा को 40 वर्ष से बढ़ाकर 50 वर्ष करने की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताते हुए आवश्यक प्रस्ताव पर विमर्श किया। साथ ही नवीन जिलों में जिला अस्पतालों में पदों की स्वीकृति के मुद्दे पर विभागीय समन्वय के विषय पर चर्चा की गई। जबलपुर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग भर्ती में विशेष छूट देने का प्रस्ताव बैठक के प्रमुख बिंदुओं में शामिल रहा। रीवा मेडिकल कॉलेज, सतना मेडिकल कॉलेज अस्पताल और इंदौर के एम वाय अस्पताल के उन्नयन और निर्माण हेतु परियोजना परीक्षण समिति से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए संबंधित कार्यवाही तेज करने के लिए उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट प्रावधान पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन, स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं के विकास के लिये स्वीकृति हेतु प्रस्ताव लंबित हैं, जिसके समाधान के लिए विभागीय सूचकांक को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही रीवा जिले के ग्राम हिनौती में गौ-अभ्यारण्य की स्वीकृति के लिए पशुपालन विभाग द्वारा तैयार प्रस्ताव पर स्क्रीनिंग कमेटी आवश्यक कार्यवाही के लिए उप मुख्यमंत्री ने कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा के अनुक्रम में सांदीपनी संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन के रीवा परिसर में आधारभूत संरचना विकास (भवन/च्युल निर्माण) तथा आवश्यक भूमि अधिग्रहण के लिए उच्च शिक्षा विभाग से राशि प्रावधान करने की अनुशंसा की गई है। इस परियोजना को शीघ्र आमजन तक पहुँचाया जा सके इसके लिये आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चर्चा की।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833